दैनिक
# करंट क्राइम
www.currentcrime.com
सिर्फ सच...
दिल्ली व गाजियाबाद से एक साथ प्रकाशित
● नई दिल्ली। शनिवार 17 जनवरी -2026 ● वर्ष : 11 अंक : 29 पेज-08 ● RNI NO. DELHI/2015/65364 ● मूल्य : ₹3

## जनता को हमारा ट्रैक रिकॉर्ड पसंद आया : पीएम नरेन्द्र मोदी



**नई दिल्ली।** महाराष्ट्र के निकाय चुनावों, विशेषकर देश के सबसे अमीर नगर निकाय बृहन्मुंबई म्युनिसिपल कॉरपोरेशन (बीएमसी) के चुनावी नतीजों में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) और एनडीए गठबंधन को बड़ी जीत मिली है। इस जीत पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने महाराष्ट्र की जनता का आभार व्यक्त किया है।

मुंबई में भाजपा कार्यालय में जश्न के माहौल के बीच प्रधानमंत्री मोदी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट कर कहा, धन्यवाद महाराष्ट्र। उन्होंने कहा कि राज्य के मेहनती लोगों ने जनहितकारी और सुशासन वाले एनडीए के एजेंडे को अपना समर्थन दिया है। विभिन्न नगर निगम चुनावों के नतीजे यह दशार्ते हैं कि महाराष्ट्र की जनता के साथ एनडीए का रिश्ता और मजबूत हुआ है। प्रधानमंत्री ने कहा कि एनडीए का ट्रैक रिकॉर्ड और विकास का विजन जनता को पसंद आया है। उन्होंने इसे प्रगति को गति देने और महाराष्ट्र की समृद्ध संस्कृति का उत्सव मनाने वाला जनादेश बताया। चुनावी रुझानों के अनुसार, मुंबई में भाजपा 90 वार्डों में आगे चल रही है, जबकि एकनाथ शिंदे के नेतृत्व वाली शिवसेना 28 वार्डों में बढ़त बनाए हुए है। अजीत पवार के नेतृत्व वाली एनसीपी केवल तीन वार्डों में आगे है, जिसने यह चुनाव एनडीए से अलग होकर लड़ा था।




## हाउस टैक्स की अदालती लड़ाई में फ्रंट-फुट पर आये निगम के अधिकारी

# जब लगती है आवाज नहीं होते वादी के वकील, इस बात का प्रेस नोट किया जारी






**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** हाउस टैक्स वृद्धि का मुकदमा अदालत में है। गर्मी के मौसम में ये लड़ाई शुरू हुई थी और सर्दी का मौसम भी खत्म होने को है लेकिन अभी तक कोई फैसला नहीं आया है। इस बात को लेकर भाजपा के ही पूर्व पार्षद अदालत में चले गये थे। पूर्व पार्षद हिमांशु मित्तल, पूर्व पार्षद राजेन्द्र त्यागी और पूर्व पार्ष अनिल स्वामी ने कोर्ट में याचिका दाखिल की। हाईकोर्ट ने याचिका सुनवाई के लिए स्वीकार की और मुकदमा शुरू हो गया। इसमें नगर निगम ने 100 पेज का हलफनामा दायर किया औरपूर्व पार्षदों ने इसमें निगम एक्ट का हावाला दिया और फिर तारीख पर तारीख का अदालती सिलसिला शुरू हो गया।


नगर निगम द्वारा एक बार पहले भी ये आरोप लगाया गया था कि वादी पक्ष के वकील पुकारे जाने पर उपस्थित नहीं होते हैं और इससे केस लेट हो रहा है। इस मामले में अदालत ने 15 जनवरी की तारीख मुकरर की थी। 15 जनवरी को मकर संक्रांति का अवकाश होने के कारण 16 जनवरी को को इसमें सुनवाई हुई और अदालत ने अगली तिथि तय की। शुक्रवार को इस मामले में नगर निगम भी फ्रंट फुट पर आया। कहा कि वादी के वकील बैक फुट पर है। अदालत में वादी के अधिवक्ता हाजिर नहीं होते हैं। शुक्रवार को उम्मीद थी कि अदालत इस मामले में फैसला देगी लेकिन ऐसा नहीं हुआ और फिर नगर निगम की ओर से प्रैस नोट जारी हुआ।

नगर निगम अधिकारी मुखर होकर सामने आये और अरोप लगाया कि हाउस टैक्स प्रकरण में अंतिम निर्णय में इसलिए विलम्ब हो रहा है क्योंकि वादी पक्ष के वकील आवाज लगने पर अनुपस्थित हो जाते हैं। मुख्य कर निर्धारण अधिकारी और राजस्व पदाधिकारी सुनील कुमार राय ने ये कहा कि वकीलों के इस तरीके से अदालत के निर्णय में देरी हो रही है और नगर निगम को राजस्व की हानी हो रही है। प्रभारी राजस्व और मुख्य कर निर्धारण अधिकारी सुनील कुमार राय ने बताया कि पिछले सात महीने से हाउस टैक्स संबंधित प्रकरण हाईकोर्ट में चल रहा है। लेकिन जब जब अंतिम सुनवाई हेतू तिथि तय होती है तो यहां पर वादी के वकील अनुपस्थित हो जाते हैं। उन्होंने कहा कि 16 जनवरी को भी यही हुआ। अंतिम सुनवाई हेतू नगर निगम गाजियाबाद के पैनल के अधिवक्ताओं तथा शासन की ओर से अधिवक्ता उपस्थित थे। मगर याचिकाकर्ताओं के वकील उपस्थित नहीं हुए जिसके कारण 16 जनवरी को भी इस प्रकरण में सुनवाई नहीं हुई। कर निर्धारण अधिकारी सुनील कुमार राय का कहना है कि पूरे शहर को हाउस टैक्स पर अंतिम निर्णय का इंतजार है। लेकिन वकीलों की अनुपस्थिति से अंतिम फैसले पर देरी हो रही है, ऐसा तीसरी बार हुआ है। पूरे शहर और नगर निगम को हाईकोर्ट के अंतिम निर्णय का इंतजार है।

### भ्रम फैला रहा है नगर निगम , हाजिर हुए थे वकील : हिमांशु मित्तल



करंट क्राइम। हाईकोर्ट में हाउस टैक्स प्रकरण के याचिकाकर्ता तथा पूर्व पार्षद एवं पूर्व जीडीए बोर्ड सदस्य हिमांशु मित्तल ने भी कर निर्धारण अधिकारी के आरोपों का खंडन किया। उन्होंने साफ कहा कि नगर निगम केवल भ्रम फैला रहा है। हिमांशु मित्तल ने अपनी बात के सपोर्ट में अधिकवक्ता और उनके बीच हुई व्हाटसअप चैट का भी स्क्रीन शॉट दिखाया। उन्होंने कहा कि किस तरह से उनके अधिवक्ता ने पहले ये पूछा कि नम्बर आने वाला है और आप वहां पर हैं। इसके बाद अधिवक्ता ने फाईल संख्या बताईऔर कहा कि 40 वी सुनवाई चल रही है यह बता रहे हैं। इसके बाद इसी चैट में बताया गया है कि दूसरी पार्टी नहीं है, फर्स्ट राउन्ड में फिर ये बताया गया कि स्टेट की ओर से कोई नहीं है और ना ही नगर निगम की साईड से कोई आया है। जब हिमांशु मित्तल ने इसी चैट में पूछा कि दूसरी पार्टी तो कह रही है कि हम वहीं बैठे हैं तब हाईकोर्ट ने बताया कि ना तो मनीष गोयल अधिवक्ता यहां है और ना ही सिनीयर अधिवक्ता शशि नंदन आये हैं। हिमांशु मित्तल ने दैनिक करंट क्राइम से बातचीत में कहाकि हमारे अधिवक्ता भी मौजूद हैं और हम जनता के हित में गम्भीरता से इस लड़ाई को लड़ रहे हैं। उन्होंने कहा कि नगर निगम आम जनता के बीच भ्रम फैला रहा है। हिमांशु मित्तल ने बताया कि मेरे अपने अधिवक्ता से फोन पर भी बात हुई। निगम के वकील ही उपस्थित नहीं हो रहे हैं और जनता के बीच भ्रम फैलाने का काम हो रहा है।




### राजस्व भी प्रभावित हो रहा है और जनता भी प्रभावित हो रही है: प्रवीण चौधरी




करंट क्राइम। एक बार फिर कोर्ट में डेट लगी और ये आरोप लगा कि सुनवाई की आवाज लगी और वकील नहीं थे। निगम के अधिकारियों ने याचिकाकर्ता पर आरोप लगाया और याचिका कर्ता ने निगम अधिकारियों पर आरोप लगाते हुए कहा कि वो भ्रम फैला रहे हैं। इस पूरे प्रकरण को लेकर दैनिक करंट क्राइम ने नगर निगम कार्यकारिणी उपाध्यक्ष और अधिवक्ता प्रवीण चौधरी से बात की। प्रवीण चौधरी पेशे से अधिवक्ता और वो निगम कार्यकारिणी उपाध्यक्ष भी हैं। वकीलों के हाजिर ना होने और देरी को लेकर प्रवीण चौधरी ने कहा कि जो कुछ भी हो रहा है वो ठीक नहीं है। चाहे इस मामले में सुनवाई के समय वकील हाजिर ना हों या फिर नगर निगम के अधिकारी हाजिर ना हों लेकिन इन सब से सुनवाई प्रभावित हो रही है और गाजियाबाद की जनता प्रभावित हो रही है। उन्होंने कहा कि अनुपस्थिति किसी भी ओर की हो लेकिन इससे अदालतों का समय खराब होता है और केस भी अधिक अवधि तक लम्बित रहते हैं। दोनों पक्षों के अधिवक्ता मौजूद रहेंगे तो इस बात की प्रबल संभावना रहेगी कि अगली तारीख पर ही अदालत फैसला सुनाये। ये दो पक्षों का नहीं बल्कि महानगर की लाखों की जनता से जुड़ा फैसला है।

### अब 23 जनवरी को होगी हाईकोर्ट में इस केस की सुनवाई

करंट क्राइम। 16 जनवरी को हाईकोर्ट ने इस मामले पर फिर से तारीख दी है और अब 23 जनवरी को हाई कोर्ट इस मामले की सुनवाई करेगी। यह मुकदमा सात महीने से हाईकोर्टमें चल रहा है। नगर निगम के पूर्व पार्षद हिमांशु मित्तल और राजेन्द्र त्यागी इस केस के वादी हैं। अब इस मामले में 23 जनवरी को अगली डेट है। वहीं नगर निगम भी अब मुखर होकर सामने आ गया है।

## स्कूल बस-वैन पर सख़्ती शुरू: फिटनेस फेल तो वाहन सीज, आज से विशेष जांच अभियान

# माता-पिता और स्कूल प्रबंधन अलर्ट, बच्चों की सुरक्षा सर्वोपरि




**गाजियाबाद ।करंट क्राइम।** राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह-2026 के अंतर्गत जनपद में स्कूली बच्चों की सुरक्षा को लेकर बड़ा कदम उठाया गया है। तीसरे सप्ताह में सभी स्कूल बस, वैन एवं अन्य स्कूली वाहनों की फिटनेस और सुरक्षा मानकों की जांच के लिए विशेष अभियान शुरू कर दिया गया है। 16 जनवरी 2026 से परिवहन विभाग के प्रवर्तन दल मैदान में उतर चुके हैं।

परिवहन विभाग को निर्देश दिए गए हैं कि जिन स्कूली वाहनों की फिटनेस समाप्त है या जो निर्धारित मानकों पर खरे नहीं उतरते, उनमें किसी भी स्थिति में बच्चों का परिवहन न कराया जाए। जांच के दौरान नियमों का उल्लंघन पाए जाने पर ऐसे वाहनों को तत्काल सीज किया जाएगा।

### माता-पिता और स्कूलों से अपील

प्रशासन ने माता-पिता से अपील की है कि वे यह सुनिश्चित करें कि उनके बच्चे केवल पंजीकृत, फिटनेसयुक्त और सुरक्षित वाहनों से ही स्कूल जाएँ।

### ड्राइवर सत्यापन और महिला परिचारक अनिवार्य

सभी स्कूली वाहन चालकों का नाम, मोबाइल नंबर एवं चरित्र सत्यापन प्रमाण-पत्र परिवहन विभाग को उपलब्ध कराना अनिवार्य किया गया है। इसके साथ ही छात्रों को घर से स्कूल और स्कूल से घर लानेझले जाने वाले वाहनों में महिला परिचारक की उपस्थिति अनिवार्य कर दी गई है।

### फिटनेस नवीनीकरण तक संचालन पर रोक

परिवहन विभाग के अनुसार वर्तमान३१ में 76 स्कूली वाहनों की फिटनेस समाप्त पाई गई है। ऐसे वाहनों के फिटनेस नवीनीकरण के लिए स्कूल प्रबंधन और प्रधानाचार्यों से समन्वय कर परिवहन कार्यालय में आवश्यक प्रक्रिया शुरू कराई गई है। फिटनेस न होने तक इन वाहनों का संचालन प्रतिबंधित रहेगा।

वहीं स्कूल प्रबंधन को चेताया गया है कि लापरवाही की स्थिति में कड़ी प्रवर्तन कार्रवाई तय है।





# महाराष्ट्र निकाय चुनावः बीएमसी में भाजपा-महायुति की ऐतिहासिक जीत




**मुंबई।** महाराष्ट्र के नगर निकाय चुनावों में इस बार बड़ा राजनीतिक संदेश सामने आया है। देश की सबसे समृद्ध महानगरपालिका बृहन्मुंबई महानगरपालिका (बीएमसी) में भाजपा के नेतृत्व वाली महायुति ने जीत का रिकॉर्ड बनाते हुए स्पष्ट बहुमत की ओर मजबूत बढ़त हासिल की है। इस नतीजे को मुंबई की सत्ता में लंबे समय बाद स्थिर सरकार की वापसी के संकेत के तौर पर देखा जा रहा है। मुख्यमंत्री फडणवीस ने इसे जनता का आशीर्वाद और विकास की राजनीति की जीत बताया।

### भाजपा ने जीत का श्रेय किसे दिया?

भाजपा ने इस जीत का श्रेय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व, पार्टी अध्यक्ष जेपी नड्डा, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के मार्गदर्शन और संगठनात्मक मजबूती को दिया है। पार्टी का कहना है कि यह जनादेश विकास, सुशासन और भरोसे की राजनीति की पुष्टि करता है। राज्य स्तर पर कार्यकर्ताओं की मेहनत और स्थानीय नेतृत्व की रणनीति को भी निर्णायक बताया गया।

### विपक्ष को जनता ने क्या संदेश दिया?

केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल ने चुनाव नतीजों पर प्रतिक्रिया देते हुए विपक्ष पर तीखा हमला किया। उन्होंने कहा कि महायुति को जनता का भरोसा मिला है, जबकि कांग्रेस, उद्धव ठाकरे गुट और शरद पवार गुट की अगुवाई वाली महाविकास आघाड़ी सीमित सीटों तक सिमट गई है। उनके मुताबिक, नकारात्मक राजनीति और अस्थिर गठबंधनों को जनता ने नकार दिया है। गोयल ने दावा किया कि मुंबई में अब वर्षों बाद स्पष्ट बहुमत वाली स्थिर सरकार बनेगी। उन्होंने यह भी कहा कि उद्धव और राज ठाकरे के गठबंधन को मतदाताओं ने नैतिक जवाब दिया है।

भाजपा के नेतृत्व वाले एनडीए गठबंधन की बीएमसी चुनावों में शानदार जीत हासिल की है। महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने निकाय चुनावों में मिली जीत के बाद पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष रविंद्र चव्हाण को फोन किया और बधाई दी। फडणवीस जल्द ही मुंबई में राज्य भाजपा मुख्यालय जाएंगे, जहां उनका भव्य स्वागत होगा। वह पार्टी कार्यकर्ताओं को भी संबोधित करेंगे और उन्हें जीत की बधाई देंगे। महाराष्ट्र के राजस्व मंत्री चंद्रशेखर बावनकुले ने शुक्रवार को कहा कि राज्य के नगर निकाय चुनावों में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) बहुमत की ओर बढ़ रही है और पार्टी के नेतृत्व वाला महायुति गठबंधन दो-तिहाई बहुमत हासिल करेगा। उन्होंने कहा कि महाराष्ट्र की जनता ने विकास के पक्ष में मतदान किया है।

**महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने निकाय चुनावों में मिली जीत के बाद पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष रविंद्र चव्हाण को फोन किया और दी बधाई।**

# राहुल गांधी आज इंदौर दौरे पर
## पीड़ित परिवारों से करेंगे मुलाकात



**इंदौर।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी आज इंदौर के दौरे पर रहेंगे। वे सुबह 11 बजे इंदौर पहुंचकर बॉम्बे हॉस्पिटल में मरीजों का हाल जानेंगे और फिर भागीरथपुरा में दूषित पानी से जान गंवाने वाले लोगों के परिजनों से मुलाकात करेंगे।

कांग्रेस नेता राहुल गांधी 17 जनवरी को इंदौर आएंगे। वे भागीरथपुरा जाकर मृत लोगों के परिजनों से मुलाकात करेंगे। इसके अलावा वे मनरेगा योजना का नाम बदले जाने को लेकर गांधी प्रतिमा पर होने वाले विरोध प्रदर्शन में शामिल होंगे। राहुल गांधी गांधी प्रतिमा पर मौन उपवास करेंगे। राहुल गांधी सुबह इंदौर आएंगे और दोपहर तक इंदौर में रहेंगे। उनके आगमन से पहले इंदौर में एसपीजी की टीम भी आ गई। राहुल गांधी के भागीरथपुरा बस्ती में एक घंटे तक रूकने का कार्यक्रम है।

राहुल गांधी सुबह 9:30 बजे दिल्ली से विशेष विमान से उड़ान भरेंगे। वे सुबह 11 बजे इंदौर एयरपोर्ट पहुंचेंगे। 11:15 बजे इंदौर एयरपोर्ट से रवाना होकर 11:45 बजे बॉम्बे हॉस्पिटल पहुंचेंगे। वे 12:15 बजे तक अस्पताल में भर्ती मरीजों के परिजनों से मुलाकात कर उनका हालचाल जानेंगे। इसके बाद वे दोपहर 12:45 बजे भागीरथपुरा पहुंचेंगे। वे करीब एक घंटे भागीरथपुरा बस्ती में रुकेंगे और दूषित पानी से मृत लोगों के परिवार से मुलाकात करेंगे।

इसके बाद वे बस्ती से सीधे एयरपोर्ट के लिए रवाना हो जाएंगे। शाम चार बजे वे दिल्ली पहुंचेंगे। राहुल गांधी ने इंदौर में प्रदेश भर के कांग्रेस पार्षद व जनप्रतिनिधियों की बैठक भी रखी थी, लेकिन उसकी अनुमति प्रशासन की तरफ से नहीं मिली। इस कारण मिटिंग कांग्रेस ने टाल दी। राहुल गांधी के दौरे के मद्देनजर उनके कार्यालय से टीम के प्रतिनिधि इंदौर पहुंचे और बस्ती का जायजा लिया।

# केजीएमयू इंटर्न डॉक्टर गिरफ्तार
## नर्सिंग छात्रा से यौन शोषण और ब्लैकमेलिंग का आरोप



**लखनऊ।** केजीएमयू के इंटर्न डॉक्टर मोहम्मद अदील को नर्सिंग छात्रा से यौन शोषण और ब्लैकमेलिंग के आरोप में लखनऊ पुलिस ने गिरफ्तार किया है. आरोपी ने शादी का झांसा देकर पीड़िता के साथ शारीरिक संबंध बनाए और धमकी दी कि फोटो-वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल कर देगा. शिकायत के बाद आरोपी फरार था. पुलिस ने मुखबिरों की मदद से उसे रेडक्रास अस्पताल के पास पकड़ लिया और थाने में रखा।

लखनऊ में केजीएमयू के इंटर्न डॉक्टर पर नर्सिंग छात्रा के साथ यौन शोषण और ब्लैकमेलिंग के आरोप लगे हैं. आरोपी मोहम्मद अदील पर पीड़िता को शादी का झांसा देकर लंबे समय तक शारीरिक शोषण करने और फोटो-वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल करने की धमकी देने का मामला सामने आया है. पुलिस ने आरोपी को लखनऊ के रेडक्रास अस्पताल के पास से गिरफ्तार किया.

जानकारी के अनुसार, पीड़िता ने कैसरबाग थाने में शिकायत दर्ज कराई. शिकायत में छात्रा ने बताया कि आरोपी ने पहले दोस्ती की, फिर शादी का वादा किया. इसके बाद आरोपी ने उसे अपने फ्लैट पर बुलाना शुरू किया और कई बार उसके साथ शारीरिक संबंध बनाए. पीड़िता ने कहा कि जब भी उसने शादी के बारे में दबाव डाला, आरोपी हर बार टालमटोल करता रहा. साथ ही धमकी दी कि अगर शादी की बात दोबारा की गई तो उसकी फोटो और वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल कर देगा. पीड़िता की शिकायत के बाद पुलिस ने 29 दिसंबर को मुकदमा दर्ज किया, लेकिन आरोपी लगातार फरार था।

कैसरबाग इंस्पेक्टर अंजनी मिश्रा ने बताया कि आरोपी मोहम्मद अदील कैसरबाग स्थित आगा साहब की कोठी के एक फ्लैट में रहता था. शिकायत मिलने के बाद पुलिस ने आरोपी को पकड़ने के लिए तीन टीमें लगा दीं और मुखबिरों की मदद से उसकी लोकेशन ट्रैक की. तहकीकात के दौरान पता चला कि आरोपी कई दिनों से फरार था और पुलिस से बचने के लिए लगातार जगह बदल रहा था. बुधवार को रेडक्रास अस्पताल के पास से आरोपी को गिरफ्तार किया गया और फिलहाल कैसरबाग थाने में रखा गया है।

### सुरक्षा और छात्राओं के लिए चेतावनी

इस घटना के बाद नर्सिंग और मेडिकल छात्रों में सुरक्षा को लेकर चिंता बढ़ गई है. पुलिस ने कहा कि छात्राओं को ऐसे मामलों में तुरंत थाने में शिकायत दर्ज करानी चाहिए और किसी भी तरह की धमकी मिलने पर पुलिस को जानकारी देनी चाहिए. थाने के अधिकारियों ने यह भी कहा कि मेडिकल और नर्सिंग छात्राओं को अपने फ्लैट या कमरे में अकेले किसी पर भरोसा करने से बचना चाहिए. किसी भी तरह के शारीरिक शोषण या ब्लैकमेलिंग की घटनाओं में तुरंत कानूनी कार्रवाई की जानी चाहिए।

# सोनू हत्याकांड पर उबाल, मेरठ कमिश्नरी पर कश्यप समाज का प्रदर्शन, मुजफ्फरनगर में हाईवे किया जाम



**मेरठ।** सोनू कश्यप हत्याकांड को लेकर कश्यप समाज का आक्रोश बढ़ता जा रहा है। मेरठ कमिश्नरी पर महापंचायत के दौरान प्रदर्शन हुआ, जबकि मुजफ्फरनगर में दिल्ली-देहरादून हाईवे जाम कर न्याय की मांग की गई।

मेरठ के सरधना थाना क्षेत्र के ज्वालागढ़ गांव में हुए सोनू कश्यप हत्याकांड को लेकर कश्यप समाज में भारी आक्रोश व्याप्त है। इसी के चलते शुक्रवार को कश्यप समाज द्वारा मेरठ कमिश्नरी पर महापंचायत का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में समाज के लोग शामिल हुए और जमकर प्रदर्शन किया।

### कमिश्नरी चौराहे पर आरएएफ की तैनाती

महापंचायत को देखते हुए प्रशासन ने कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए कड़े सुरक्षा इंतजाम किए हैं। कमिश्नरी चौराहे पर आरएएफ (रैपिड एक्शन फोर्स) की तैनाती की गई है। इसके साथ ही भारी पुलिस बल और प्रशासनिक अधिकारी भी मौके पर मौजूद रहे।

**हत्या के खुलासे और गिरफ्तारी की मांगः** महापंचायत में शामिल लोगों का आरोप है कि सोनू कश्यप की हत्या के मामले में अब तक सभी दोषियों की गिरफ्तारी नहीं की गई है। कश्यप समाज ने दोषियों पर सख्त कार्रवाई, फास्ट ट्रैक कोर्ट में सुनवाई और पीड़ित परिवार को न्याय दिलाने की मांग उठाई।

### मुजफ्फरनगर में दिल्ली-देहरादून हाईवे जाम



मुजफ्फरनगर में भी सोनू कश्यप हत्याकांड को लेकर आक्रोश देखने को मिला। कश्यप एकता क्रांति मिशन के कार्यकर्ताओं ने पुलिस कार्रवाई से असंतुष्ट होकर दिल्लीझ्देहरादून हाईवे पर धरना देते हुए जाम लगा दिया। प्रदर्शनकारियों ने सोनू कश्यप के हत्यारों की जल्द गिरफ्तारी और उन्हें सख्त से सख्त सजा दिए जाने की मांग की। कार्यकर्ताओं का आरोप है कि पुलिस मामले में लापरवाही बरत रही है और आरोपियों के खिलाफ ठोस कार्रवाई नहीं हो रही।

### हालात पर प्रशासन की पैनी नजर

प्रशासनिक अधिकारी स्थिति पर लगातार नजर बनाए हुए हैं। किसी भी अप्रिय स्थिति से निपटने के लिए अतिरिक्त पुलिस बल को अलर्ट मोड पर रखा गया है।

# हरकी पैड़ी पर अहिंदुओं का प्रवेश निषेध, रील-ड्रोन पर भी रोक




**हरिद्वार।** हरिद्वार हरकी पैड़ी पर गैर हिंदुओं का प्रवेश निषेध किया गया है। इस संबंध में यहां जगह-जगह कुछ बोर्ड लगाए गए हैं। हरिद्वार हरकी पैड़ी पर जगह-जगह बोर्ड लगा दिए गए हैं, जिसमें स्पष्ट लिख दिया गया कि अहिंदू का प्रवेश पूरी तरह निषेध है। इसके अलावा तीर्थस्थल की मयार्दा को ध्यान में रखते हुए हरकी पैड़ी और मालवीय द्वीप क्षेत्र में ड्रोन उड़ाना प्रतिबंधित है।

किसी भी प्रकार के फिल्मी गानों पर फिल्म और रील बनाना भी पूर्णतः वर्जित है। श्रीगंगा सभा ने इस प्रकार से रील्स आदि सोशल मीडिया पर वायरल करने पर कानूनी कार्यवाही की चेतावनी दी है। कुछ दिन पहले हरकी पैड़ी क्षेत्र में बनाया गया एक वीडियो भी सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद हंगामा हो गया था। वीडियो में दो युवक अरबी वेशभूषा में घाटों पर घूमते नजर आ रहे थे। इसके बाद तीर्थ पुरोहितों ने नाराजगी जताई है। मामले का पुलिस ने संज्ञान लेते हुए जांच शुरू की।

सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे वीडियो में दो युवक स्वयं को दुबई का निवासी बताते हुए हरकी पैड़ी क्षेत्र में घूमते दिखाई दे रहे थे। वीडियो सामने आने के बाद तीर्थ पुरोहितों ने इसे हरिद्वार की धार्मिक मयार्दा से जुड़ा बताते हुए आपत्ति जताई है। उनका कहना है कि इस तरह के वीडियो से धार्मिक भावनाएं आहत होती हैं और इससे माहौल खराब हो सकता है।

उल्लेखनीय है कि इन दिनों श्रीगंगा सभा की ओर से हरिद्वार के घाटों और प्रमुख धार्मिक स्थलों की व्यवस्था और मयार्दा को लेकर मंथन चल रहा है।

श्रीगंगा सभा के महामंत्री तन्मय वशिष्ठ ने बताया कि वीडियो की जानकारी पुलिस प्रशासन को दे दी गई है। माहौल बिगाड़ने के लिए इस तरह का काम किया जा रहा है। वहीं, सचिव उज्जवल पंडित ने कहा कि पूरे प्रकरण की सूचना चौकी पुलिस को दे दी गई है। शहर कोतवाली प्रभारी रितेश शाह ने बताया कि मामले की जांच शुरू कर दी गई है। युवकों की पहचान की जा रही है।

# 50 साल पुरानी प्रभात फेरी रोकी, पुलिस लाठीचार्ज में कई घायल



**बदायूं।** बदायूं के ब्योर गांव में माघ माह की प्रभात फेरी को पुलिस ने विवादित रास्ता बताकर रोकने की कोशिश की, जिस पर ग्रामीणों का आक्रोश भड़क उठा। पुलिस के लाठीचार्ज में कई ग्रामीण घायल हुए। यूपी के बदायूं जिले के इस्लामनगर थाना क्षेत्र के ग्राम ब्योर कासिमाबाद में शुक्रवार की भोर माघ माह में निकाली जा रही प्रभात फेरी को पुलिस ने विवादित रास्ता बताते हुए रोक दिया। जबकि यह प्रभात फेरी पिछले 50 वर्षों से इसी रास्ते से निकलते आ रही है। बात इतनी बढ़ गई कि हालात बेकाबू होते देख पुलिस ने लाठीचार्ज कर दिया। आरोप है कि लाठीचार्ज में कई ग्रामीण घायल हो गए, जिन्हें उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया है। कल दूसरे समुदाय के लोगों ने प्रभात फेरी को रोकने का प्रयास किया था और पुलिस से मामले की शिकायत की थी। दूसरे समुदाय के लोगों की शिकायत के बाद शुक्रवार सुबह पांच बजे इस्लामनगर थाने की पुलिस गांव ब्योर पहुंची। इस बीच लोग प्रभात फेरी निकालने पर अड़ गए। लोगों के गुस्से को देखकर बिल्सी, उघैती पुलिस को भी मौके पर बुला लिया गया। पीएसी बटालियन भी बुला ली गई।

देखते ही देखते एसडीएम बिसौली राशि कृष्णा, सीओ बिल्सी मौके पर पहुंच गए। करीब आठ बजे पुलिस ने भक्तों पर लाठी चार्ज कर दिया। जिसके बाद भगदड़ मच गई। पुलिस के लाठीचार्ज से महिलाएं व युवक घायल हो गए।

सूचना पर पहुंचे एसपी देहात हृदेश कठेरिया ने लोगों को समझाने का प्रयास किया, लेकिन ग्रामीणों ने प्रभात फेरी रोकने वाले पुलिसकर्मियों व अधिकारियों पर कार्रवाई की मांग करते हुए हंगामा शुरू कर दिया। काफी गहमा-गहमी के बाद पुलिस बैकफुट पर आ गई और प्रभात फेरी को अपने सामने ही निकलवा दिया। प्रभात फेरी निकालने के बाद भी घायल महिलाओं व युवकों के परिजन कार्रवाई की मांग पर अड़े हुए हैं।

### यह बोले एसपी देहात

एसपी देहात डॉ. हृदेश कठेरिया ने बताया कि प्रभात फेरी का लोग विरोध कर रहे थे। इसी को लेकर प्रभात फेरी को रोका गया था, लेकिन बाद में पता चला कि प्रभात फेरी कई वर्षों से इसी रास्ते से निकलती आ रही है तो मौके पर पहुंचकर प्रभात फेरी को निकलवाया गया है। ग्रामीणों को समझा दिया गया है। प्रभात फेरी पर अब कोई रोक नहीं रहेगी।

### प्रभात फेरी निकाल रहे ग्रामीण पर पुलिस का लाठीचार्ज



### सपा सरकार के समय एक समुदाय की आपत्ति पर बदल दिया गया था प्रभात फेरी का मार्ग

ग्रामीणों के अनुसार, गांव में कई वर्षों से प्रभात फेरी निकाली जाती रही है। लगभग दस वर्ष पूर्व सपा सरकार के समय एक समुदाय विशेष की आपत्ति के बाद प्रभात फेरी का मार्ग बदल दिया गया था। इस बार ग्रामीणों ने प्रभात फेरी पुराने मार्ग से निकालनी शुरू कर दी। इसी को लेकर समुदाय विशेष के लोगों ने थाना पुलिस को फोन कर आपत्ति दर्ज कराई।

### कल भी प्रभात फेरी को निकाले जाने को लेकर स्थिति हो गई थी तनावपूर्ण

ग्राम ब्योर कासिमाबाद में प्रभात फेरी के मार्ग को लेकर बीते गुरुवार की भोर के समय भी स्थिति तनावपूर्ण हो गई थी। समुदाय विशेष द्वारा पुराने मार्ग से प्रभात फेरी निकाले जाने पर आपत्ति जताए जाने के बाद पुलिस ने मौके पर पहुंचकर स्थिति को संभाला था और प्रभात फेरी को दूसरे मार्ग से निकलवाया था।

# जुमे की नमाज के बाद कश्मीर में ईरान के समर्थन में निकाली रैलियां
### अमेरिका और इस्राइल पर साधा निशाना

**श्रीनगर।** कश्मीर के कई इलाकों में शुक्रवार को जुमे की नमाज के बाद ईरान के समर्थन में शांतिपूर्ण रैलियां निकाली गईं। इस दौरान प्रदर्शनकारियों ने अमेरिका और इस्राइल के खिलाफ नारेबाजी की। ईरान में सरकार विरोधी प्रदर्शनों और अमेरिका की ओर से सैन्य हस्तक्षेप की धमकियों के बीच कश्मीर के कई इलाकों में शुक्रवार को ईरान के समर्थन में शांतिपूर्ण रैलियां निकाली गईं। अधिकारियों के अनुसार, जुमे की नमाज के बाद ये प्रदर्शन किए गए।



श्रीनगर, पुलवामा और बडगाम के कई शिया बहुल इलाकों में लोगों ने ईरान के पक्ष में और अमेरिका व इजरायल के खिलाफ नारे लगाए। प्रदर्शन पूरी तरह शांतिपूर्ण रहे। श्रीनगर में हसनाबाद स्थित नेहरू पार्क और गंड हस्सी भट इलाकों में रैलियां निकाली गईं, जहां प्रदर्शनकारियों ने ईरान और उसके सर्वोच्च नेता सैयद अली खामेनेई के प्रति एकजुटता जताई। लोगों ने ईरान के खिलाफ बाहरी दबाव और हस्तक्षेप की निंदा की। प्रदर्शनकारी हाथों में तख्तियां और बैनर लेकर ईरान के समर्थन में नारे लगाते नजर आए। इसी तरह के प्रदर्शन मध्य कश्मीर के बडगाम के मेन चौक और दक्षिण कश्मीर के पुलवामा जिले के गंगू क्षेत्र में भी देखे गए। पुलवामा में पत्रकारों से बात करते हुए एक शिया नेता ने आरोप लगाया कि अमेरिका और इजरायल अपने सहयोगियों के साथ दुनिया भर मेंमुसलमानों पर अत्याचार कर रहे हैं।

# दिल्ली की हवा बेहद खराब, रविवार को 'गंभीर' स्तर तक पहुंचने की आशंका




**नई दिल्ली।** केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (सीपीसीबी) का पूर्वानुमान है कि शनिवार तक हवा बेहद खराब श्रेणी में बरकरार रहेगी और रविवार को गंभीर श्रेणी में पहुंचने की आशंका जताई है।

राजधानी में लगातार चौथे हवा बेहद खराब श्रेणी में बरकरार है। एयर क्वालिटी अर्ली वार्निंग सिस्टम फॉर दिल्ली द्वारा जारी आंकड़ों के अनुसार, शुक्रवार सुबह दिल्ली का वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) 345 दर्ज किया गया है, जो 'बेहद खराब' श्रेणी में आता है। इससे पहले बृहस्पतिवार को वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) 343 दर्ज किया गया था।

वहीं, केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (सीपीसीबी) का पूर्वानुमान है कि शनिवार तक हवा बेहद खराब श्रेणी में बरकरार रहेगी और रविवार को गंभीर श्रेणी में पहुंचने की आशंका जताई है। सीपीसीबी के आंकड़ों से पता चलता है कि दिल्ली के विभिन्न इलाकों में एक्यूआई का स्तर काफी अधिक है। सीपीसीबी के आंकड़ों के अनुसार, दिल्ली के अलीपुर में 331, आनंद विहार में 354, अशोक विहार में 367, आया नगर में 305, बवाना में 363, बुराड़ी में 325, और चांदनी चौक इलाके में 370 एक्यूआई दर्ज किया गया है।

वहीं, डीटीयू इलाके में 332, द्वारका सेक्टर-8 में 369, आईजीआई एयरपोर्ट टी3 में 280, आईटीओ में 362, जहांगीरपुरी में 385, लोधी रोड में 323, मुंडका में 383, नजफगढ़ में 289, नरेला में 332, पंजाबी बाग में 370, आरकेपुरम में 374, रोहिणी में 374, सोनिया विहार में 368, विवेक विहार में 386, और वजीरपुर में 374 एक्यूआई दर्ज किया गया है।

प्रदूषण के इस बढ़ते स्तर का सीधा असर लोगों के स्वास्थ्य पर पड़ रहा है, खासकर बुजुर्गों और बच्चों के लिए यह स्थिति और भी गंभीर हो सकती है। सांस संबंधी बीमारियों में वृद्धि और अन्य स्वास्थ्य समस्याओं का खतरा बढ़ जाता है।

# यमुनानगर जिला सचिवालय को उड़ाने की धमकी, ई-मेल के बाद खाली कराया

**यमुनानगर।** प्रशासनिक सूत्रों के अनुसार धमकी देने वाले कॉल की जांच की जा रही है और कॉल डिटेल खंगाली जा रही हैं। देर शाम तक तलाशी अभियान जारी रहा। अधिकारियों ने बताया कि स्थिति पर पूरी तरह नजर रखी जा रही है और किसी भी आपात स्थिति से निपटने के लिए सभी सुरक्षा इंतजाम पुख्ता किए गए हैं।

सायं करीब चार बजे सीटीएम पीयूष गुप्ता को ई-मेल पर यमुनानगर जिला सचिवालय को उड़ाने की धमकी मिलने से प्रशासनिक हलकों में हड़कंप मच गया। सूचना मिलते ही तत्काल एहतियातन यमुनानगर जिला सचिवालय को खाली करा लिया गया। सचिवालय परिसर में मौजूद अधिकारी व कर्मचारी जान बचाने के लिए तेजी से बाहर निकलते दिखे, वहीं कुछ देर के लिए अफरा-तफरी का माहौल बन गया।


## गाजियाबाद विकास प्राधिकरण
विकास पथ गाजियाबाद

### सार्वजनिक नोटिस

जनसाधारण को यह सूचित किया जाता है कि भवन संख्या-5/189, ई०डब्लू०एस० कामना, वैशाली का आवंटन प्राधिकरण से श्री हीरालाल गुप्ता पुत्र स्व० श्री देवी दयाल गुप्ता को हुआ है। इनके द्वारा श्री राजीव रंजन पुत्र श्री मिथलेश शर्मा को दिनांक 25.08.1999 को मुख्त्यारआम पंजीकृत किया गया। मुख्त्यारआम के माध्यम से मूल आवंटी के पक्ष में भवन की लीजडीड दिनांक 21.05.2015 को निष्पादित करा ली गयी। मुख्त्यारआम श्री राजीव रंजन द्वारा उक्त भवन का विक्रय श्रीमती सरला गुप्ता पत्नी श्री रामचन्द्र गुप्ता के पक्ष में दिनांक 21.05.2015 को कर दिया गया। इनके द्वारा भवन के अभिलेखों में नाम दर्ज नही कराया गया है। भवन की क्रेता श्रीमती सरला गुप्ता की मृत्यु दिनांक 06.05.2021 को होने के कारण इनके वारिस पुत्र श्री मुकेश कुमार गुप्ता उक्त भवन के अभिलेखों में अपना नाम दर्ज कराने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है, विवरण निम्नवत है :–

| क्र० सं० | मूल आवंटी/ पट्टाधारक/ स्वामी का नाम | भवन संख्या | योजना का नाम | आवेदक का नाम (पिता का नाम सहित) | आवेदक का पता एवं दूरभाष संख्या | नामान्तरण का आधार | पट्टाधृत/पूर्ण स्वामित्व युक्त सम्पत्ति |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| 1. | श्री हीरालाल गुप्ता पुत्र स्व. श्री देवी दयाल गुप्ता | 5/189, ई.डब्लू.एस. कामना | वैशाली | श्री मुकेश कुमार गुप्ता पुत्र स्व. श्री रामचन्द्र गुप्ता | पता- 167, सैकिण्ड फ्लोर, सै.-5, वैशाली, गाजियाबाद मो.-9899684839 | मृत्यु उपरान्त नामदर्ज | पट्टाधृत |

यदि किसी व्यक्ति को उपरोक्त भवन के नामान्तरण के विरूद्ध कोई आपत्ति हो, तो वह अपनी आपत्तियां सहायक दस्तावेजों सहित इस नोटिस के प्रकाशित किये जाने के दिनांक से 30 दिन के भीतर प्रभारी सम्पत्ति, गाजियाबाद विकास प्राधिकरण को प्रस्तुत कर सकता/सकती है, अन्यथा स्तम्भ-5 में अंकित व्यक्ति के नाम से सम्पत्ति का नामान्तरण प्राधिकरण के अभिलेखों में दर्ज कर दिया जाएगा और कोई पश्चातवर्ती दावा, यदि कोई हो, ग्रहण नहीं किया जाएगा।

**सहायक प्रभारी सम्पत्ति, गाजियाबाद विकास प्राधिकरण**

दैनिक
# करंट क्राइम
www.currentcrime.com
सिर्फ सच...






# नगरायुक्त की टीम और पार्षद-11 खेलेगी नेहरू स्टेडियम पर क्रिकेट मैच!

## यहां पर कौन करेगा गेंद को मैदान से बाहर और कौन पकड़ लेगा यहां सबसे कठिन कैच

**- क्रिकेट मैच के लिए सभी पार्षद निगम कार्यकारिणी उपाध्यक्ष प्रवीण चौधरी और पूर्व कार्यकारिणी उपाध्यक्ष राजीव शर्मा से करें संपर्क**



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** नगर निगम में एक तरफ हाउस टैक्स की वार चल रही है और दूसरी तरफ दोस्ताना पैगाम आ गया है। सर्दी के मौसम में क्रिकेट मैच का प्लान तय हो गया है। बड़ी बात ये है कि यहां एक तरफ नगरायुक्त 11 अपने अधिकारियों और कर्मचारियों के साथ मैदान में आयेगी और दूसरी तरफ निगम कार्यकारिणी उपाध्यक्ष पाषद एकादश भी मुकाबले के लिए उतरेगी।

नये साल पर पार्षद एकजुटता का नारा देते हुए उत्तराखंड में सिद्धबली के टूर पर गये थे। यहां के पार्षद कोटद्वार के मेयर द्वारा की गयी उनकी केयर से अभिभूत हैं। 11 बार फोन और जाते ही स्वागत से पार्षदों ने कोटद्वार के मेयर की जमकर प्रशंसा की थी। अब एक बार फिर नगर निगम में सौहार्द के लिए नगरायुक्त अधिकारी और पार्षद एक दूसरे के साथ फ्रैंडली अंदाज में हैं। फ्रैंडली मैच का प्लान बन रहा है। और बताया जाता है कि नगर आयुक्त के समक्ष ये प्रस्ताव रखा गया और नगरायुक्त ने मैच वाले प्रस्ताव को सहज स्वीकृती प्रदान कर दी।

ईधर पार्षद सहमति दे चुके और उधर नगरायुक्त भी तैयार हैं। क्रिकेट मैच के जरिये आपसी तालमेल, सौहार्द, एकता और सहयोग की बात हो रही है।

खेल के माध्यम से आपसी एकता और सहयोग को और मजबूत करने का संदेश दिया गया है। पार्षदों और नगरायुकत की बैठक भी हो गयी, और ये तय हुआ कि 26 जनवरी के बाद कभी भी पाषदों और नगर निगम के अधिकारियों के बीच एक फ्रैंडली मैच आयोजित किया जायेगा। इस मैच का सबसे महत्वपूर्ण कैच ये है कि मैच के जरिये यानी खेल के माध्यम से आपसी एकता और सहयोग को मजबूत किया जा रहा है। आपसी तालमेल, सौहार्द और मित्रता की बात हो रही है। ईधर पार्षद क्रिकेट खेलने के लिए तैयार हैं और उधर नगर आयुक्त भी सहमति दे चुके।

### आईएएस विक्रमादित्य सिंह मलिक होंगे कप्तान और उपाध्यक्ष प्रवीण चौधरी होंगे टीम कैप्टन

करंट क्राइम। टीम में खिलाड़ी अभी घोषित किये जायेंगे मगर कप्तान कौन होगा ये तय हो गया है। आईएएस विक्रमादित्य सिंह मलिक निगम टीम के कप्तान होंगे। वहीं पार्षद 11 की ओर से निगम कार्यकारिणी उपाध्यक्ष प्रवीण चौधरी टीम कैप्टन होंगे। सूत्र बता रहे हैं कि दोनों ही फिटनेट से परिपूर्ण हैं। स्पोर्टस जैसी गतिविधियों में एक्टिव रहते हैं। अब इनमेंसे कौन बल्ले से जौहर दिखायेगा। बहरहाल कप्तानों के नाम फाईनल हैं और टीम के खिलाड़ी तय होने हैं।

### जो पार्षद खेलना चाहते हैं मैच वो करें इन पार्षदों से कॉन्टैक्ट

करंट क्राइम। नगर निगम में 100 पार्षद हैं लेकिन इनमें से 11 पार्षद ही खिलाड़ी बन सकते हैं, 4 पार्षद टीम का हिस्सा बन सकते हैं। 15 के अलावा अन्य 85 पार्षदों को नगर निगम 11 का हिस्सा बनने का मौका नहीं मिलेगा। अब 100 पार्षदों में से कौन से 15 पार्षद मैच के लिए जायेगे ये देखने की बात हैं। हालांकि कई पार्षद फिटनेस के बेस पर खुद ही स्वयं को दूर रखेंगे। महिला पार्षद इस टीम में होंगी या नहीं इसका कोई जिक्र नहीं है।

ऐसे में उन्हें भी टीम से बाहर ही माना जाये। सभी पार्षदों को भी ये सूचित कर दियागया है कि जो भी पार्षद क्रिकेट मैच खेलना चाहते है वो इस फ्रैंडली मैच का हिस्सा बनना चाहते हैं वो अपनानाम लिखवा दें। क्रिकेट मैच के लिए सभी पार्षद नगर निगम कार्यकारिणी उपाध्यक्ष प्रवीण चौधरी से संपर्क कर सकते हैं। निगम पार्षद तथा पूर्व कार्यकारिणी उपाध्यक्ष राजीव शर्मा से मिल सकते हैं। इसके अलावा क्रिकेट मैच खेलने के इच्छुक पार्षद, पार्षद वैल्फेयर एसोसिएशन के नीरज गोयल से मिल सकते है और वो पार्षद हिमांशु शर्मा से भी मुलाकात कर सकते हैं। 26 जनवरी के बाद ये मैच होगा। बताते हैं कि मैच के लिए कई पार्षद पूरी तरह तैयार हैं।

### मेयर का रोल होगा क्या अम्पायर, रेफरी या फिर कुछ और

करंट क्राइम। सिद्धबली टूर से मेयर दूर ही रही थीं। यहां तक कि जब पार्षद एकता का नारा लगा और टूर रवाना हुआ तो हरी झंडी भी लोकसभा संसद अतुल गर्ग ने दिखाई। शहर विधयाक संजीव शर्मा पार्षदों के साथ टूर में गये और मंदिर में भजन पूजन भी पार्षदों के साथ किया। जब शहर के बीच ही ये मैच हो रहा है तो ये चर्चा भी शुरू हो गयी है कि नगरायुकत, निगम अधिकारी और पार्षद जब क्रिकेट मैच वाली पारी खेलेंगे तो यहां पर मेयर को क्या जिम्मेदारी दी जायेगी। उनकी इस मैच में क्या भागीदारी होगी। क्या उन्हें मैच का अम्पायर बनाया जायेगा। तब ये सवाल उठा और कहा गया कि क्रिकेट के कई रूल होते हैं और ऐसे में अम्पायरवाले फ्रेम में बात नहीं बनेगी और अम्पायर के फैसले को दोनों पक्षों को मानना ही होगा। फिर क्या मेयर मैच की रैफरी रहेंगी। रैफरी के पास पावर होती है और वो चाहे तो मैच हो रद्द भी कर सकता है। मैच में दोनों 11 मिलकर मेयर को क्या जिम्मेदारी देंगी ये देखना भी रोचक रहेगा।

### नेहरू स्टेडियम की पिच पर दिखेगा निगम का क्रिकेट टैलेंट

करंट क्राइम। 26 जनवरी के बाद ये मैच होना है और मैच का मैदान भी फाईनल हो गया है। सबसे शानदार क्रिकेट स्टेडियम को मैच के लिए चुना गया है। नेहरू स्टेडियम पर निगम की क्रिकेट टैलेंट का जलवा दिखाई देगा। प्रत्येक टीम में 15 खिलाड़ी लिये जायेंगे। नगरायुक्त 11 और पार्षद11 के बीच खेला जाने वाला ये मैच 20 - 20 ओवरों का होगा।

---

## कल्कि पीठ से क्या ले आये हैं रामअवतार जिंदल कोई बड़ा आशीर्वाद

# एमएलसी चुनाव की दावेदारी का छिपा है इस विशेष आशीर्वाद में एक संदेश

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** राजनीति विज्ञान में धर्म और राजनीति को एक दूसरे का पूरक बताया गया है। धर्म के बिना राजनीति नहीं है और राजनीति के बिना धर्म नहीं है। लेकिन जब समाजसेवा वाले अध्यात्म से जाकर मिलते हैं तो एक नये समीकरण का निर्माण होता है। कयास लगाये जाने शुरू हो जाते हैं। बीते दिनों एक मुलाकात कल्कि धाम पर हुई है और ये मुलाकात गाजियाबाद के भाजपा कार्यकर्ता और प्रतिष्ठित कारोबारी रामअवतार जिंदल की हुई है।





रामअवतार जिंदल वैश्य समाज का प्रतिष्ठित और गैर विवादित चेहराहै। समाज सेवा से कई दशकों से जुड़े हैं। भाजपा विचारधारा के साथ राजनीति में हैं। रामअवतार जिंदल हमेशा से अध्यात्म और परोपकार को सर्वोपरि रखते हं। बेहद व्यवहार कुशल हैं और प्रतिष्ठि तथा गैर विवादित छवि के समाजसेवी है। दैनिक करंट क्राइम ने पूर्व में भी बताया था कि एमएलसी चुनाव की एक नयी दस्तक राजनीति में दी जा रही है। ये दस्तक गम्भीर है और बदल रही राजनीति का आभास करा रही है।

सूत्र बताते हैं कि रामअवतार जिंदल ने कुछ दिन पहले कल्कि पीठ पर कल्कि पीठाधीश्वर आचार्य प्रमोद कृष्णम से मुलाकात की। हालाकि बताया ये भी जाता है कि आचार्य प्रमोद कृष्णम और रामोतार जिंदल के बीच लगभग ढाई दशक पुराने संबंध हैं। अकसर मुलाकातें होती हैं। लेकिन इस मुलाकात का एक अलग अर्थ राजनीति में आ रहा है। यहां का आशीर्वाद रामअवतार जिंदल के लिए अहम माना जा रहा है।

सूत्र बताते हैं कि मुलाकात में एमएलसी चुनाव का जिक्र है और जब ये दावेदारी परवान पर आयेगी और जब एमएलसी चुनाव का नाम फाईनल होगा तो इस मुलाकात के सकारात्मक परिणाम सामने आ जायेंगे।


आचार्य और भाजपा के बड़ें चेहरों के बीच जो नजदीकी बढ़ी है वो सभी को मालूम है। ऐसे में अगर एमएलसी चुनाव में कोई नाम आचार्य प्रमोद कृष्णम के तरफ से आ गया तो एक बड़ी चुनौती कई दावेदारों को मिलेगी। कल्कि पीठ से आयी तस्वीरें रामअवतार जिंदल के जलवे को भी बयां कर रही हैं। यहां पर सबसे खास बात ये है कि रामअवतार जिंदल सरल, सहज स्वभाव के समाजसेवी हैं। कोई विवाद उनके नाम नहीं है और ऐसे में राजनीति में नये चेहरों का प्रयोग कर रही भाजपा यहां रामअवतार जिंदल के रूप में इस नये नाम को एमएलसी चुनाव मेंला सकती है। कल्कि पीठ की ये मुलाकात कुछ तो संदेश दे रही है।

---

# मायावती के बर्थडे पर जिला पंचायत के कई दावेदार दिये हैं दिखाई

## पंचायत वाली रेस में चल रही है बसपा की टीआरपी हाई

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** बसपा डेढ़ दशक से भी अधिक समय से सत्ता से बाहर है। लोकसभा में अब उसका एक भी मैम्बर भी नहीं बैठा है और उत्तर प्रदेश की विधानसभा में केवल एक महावत बैठा है।



राजनीति की भाषा में कहें तो हाथी इस समय हाशिये पर चल रहा है। मगर जब 15 जनवरी को बसपा की राष्ट्रीय अध्यक्ष मायावती का जन्मदिन आया तो मेरठ में बसपा के जश्न में हाथी की टीआरपी काफी हाई दिखाई दी। सूत्र बताते हैं कि मायावती के जन्मदिन में केवल नीले महावत ही मौजूद नहीं थे बल्कि कई ऐसे चेहरे भी दिखाई दिये हैं जो खुद को सपाई और भाजपाई बताते हैं। ये चेहरे क्या बसपा सुप्रिमो के जन्मदिन पर बधाई देने पहुंचे थे या फिर इसके पीछे कोई और कारण है। बसपा सुप्रिमो मायावती के जन्मदिन पर इस वर्ष जोश दिखाई दिया है।

इस जोश का कनैक्शन जिला पंचायत वाले इलैक्शन से जोड़कर देखा जा रहा है। सूत्र बताते हैं कि कई ऐसे ब्राह्मण चेहरे भी जन्मदिन के जश्न में पहुंचे हैं जो कभी भाजपा के कार्यक्रमों में दिखाई देते थे। यहां पर बसपा सुप्रिमों मायावती के उस बयान को भी जोड़कर देखा जा रहा है जिसमें उन्होंने जन्मदिन पर प्रैस कॉन्फ्रैंस के दौरान कहा कि वो ब्राह्मणों के साथ है और ब्राह्मणों को किसी का भी लिटठी चोखा खाने की जरूरत नहीं है।

लेकिन यहां पर जो सबसे बड़ा इफैक्ट देखा जा रहा है वो जिला पंचायत का चुनाव है। और इस चुनाव में गाजियाबाद में बसपा का हाथी काफी मजबूत माना जाता है। यहां पर पांच से छ सीटों पर नीला हाथी चुनाव को पूरी तरह प्रभावित करता है और एक मजबूत स्थिति में है। जिला पंचायत को लेकर भाजपा कुछ भी दावा करें लेकिन यहां नीला अपने आप में एक मजबूती लिए हुए है।

### सपा ने किया इंकार तो बैकअप प्लान के रूप में बसपा तैयार

करंट क्राइम। राजनीति में भले ही हाथी पावर में नहीं है लेकिन इसके करंट को इगनोर नहीं किया जा सकता। हाथी के पास एक कमेटिड वोट बैंक है जो चुनाव की दिशा बदल सकता है। यही कारण है कि हमेशा से दूसरे दलों के दावेदार बसपा को बैकअप प्लान के रूप में लेकर चलते हैं। ये भी कहा जा रहा है कि कई सपाई भी जिला पंचायत चुनाव में बसपाई होकर चुनाव लड़ना चाहते हैं। कई भाजपाई भी ऐसे हैं जो जिला पंचायत के लिए बसपाई होने को तैयार बैठे हैं। रोचक बात ये है कि जिस कांग्रेस के साथ सपा हाथ मिलाकर चल रही है,कोई सपाई उस कांग्रेस के टिकट पर लड़ने को तैयार नहीं है। सपा ने यहां समाजवादियों के लिए दरवाजे भी खोल दिये हैं। सपा चुनावमें नहीं आयेगी लेकिन उसने ये कह दिया है कि जो चुनाव जीतेगा वो भले ही कहीं से लड़े लेकिन वो हमारा होगा। जो जीतेगा वो समाजवादी कहलायेगा और इसके बाद से ही साईकिल वालों का एक पूरा रैला हाथी वालों के यहां मेला लगाने को तैयार है।

### हर वार्ड से तीन महावत कर रहे हैं जिला पंचायत की दावेदारी




करंट क्राइम। जन्मदिन पर मेरठ वाले जश्न से गाजियाबाद की जिला पंचायत चुनाव का संदशे निकल आयाहै। गाजियाबाद में जिला पंचायत के 11 वार्ड हैं। और यहां बसपा का इफैक्ट ये है कि हर वार्ड से तीन महावत चुनाव की दावेदारी कर रहे हैं। ये सीन अकेले गाजियाबाद का है और पिश्चमी उत्तर प्रदेश में भी कई जिला पंचायत में से सीन रहेगा। खास बात ये है कि गाजियाबाद में कई सपाई और कई भाजपाई नीले हाथी को बैकअप प्लान के रूप में लेकर चल रहे हैं। उनके पास अपना खुद का भी वोट है लेकिन उनका ये मानना है कि अगर चुनाव में हाथी की सपोर्ट मिल गयी और हाथी का वोट आ गया तो फिर चुनाव पर पकड़ मजबूत हो जायेगी। जिला पंचायत चुनाव का इफैक्ट वैसे भी गाजियाबाद में हाथी के पक्ष में रहता है। यहां पहले भी पांच हाथी चुनाव जीते थे। फिर इनमें से कोई गोवा वाले बीच पर तो कोई हाथी जिम कॉरबेट के रिजॉर्ट में मिला था।

---

# क्या थी उसकी मांग और क्या थी मन में उसके सियासी चाहत ऐसा क्या हुआ कि मंच पर ही पिट गया गाजियाबाद का नीला महावत

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** राजनीति में सभी की अभिलाषायें होतीहैं और अभिलाषाओं को व्यक्त करने की अपनी अपनी परिभाषायें होती है। राजनीति में कौन से मंच पर किस समय क्या बात कहनी है इसी में पूरी सियासत का सार छिपा होता है।



इस दल में तो वैसे भी शब्दों को बहुत ज्यादा सोच समझकर बोलने का रिवाज है, मगर बहनजी के बर्थडे पर मेरठ में कुछ ऐसा हो गया कि मंच पर ही एक महावत की कुटाई हो गयी। जंगल में मोर नाचा तो किसने देखा, लेकिन जब मंच पर महावत पिटा तो सबने देखा। मंचासीन नेताओं ने भी देखा और इस पूरे नजारे को सामने खड़े देख रहे तमाशबीन कार्यकर्ताओं ने भी देखा। सूत्र बताते हैं कि इस महावत की पहले भी ऐसी खातिरदारी हो चुकी है। मोरटा वालों से लेकर तहसील वाले भी इरीटेट होकर ये काम कर चुके हैं। लेकिन जब पावर के तार जीरो हों और फिर भी अनावश्यक रूप से कोई हीरो बनता है तो राजनीति में ऐसे सीन हो जाते हैं। सूत्र बताते हैं कि बर्थडे का जलवा मेरठ में हो रहा था। डी वाले इस दल के भी थे और एम वाले भी इस दल के थे। इसी बीच एक डी महावत मंच पर आ गया और उसने एम समाज वाले एन प्रभारी का कंधा पीछे से पकड़ लिया। इसके बाद डी महावत ने इस बात का उलाहना दिया कि तुम प्रभारी हो और हमारी भी कोई जिम्मेदारी तय करो। हमें भी किसी काम पर लगाओ। यहां तक तो सब ठीक चल रहा था। लेकिन सूत्र बताते हैं कि जब बार बार यहीं बात रिपीट हुई तो प्रभारी ने महावत से कहा कि इस टॉपिक पर बाद में बात करेंगे। अभी सैलिब्रेशन है। बताते हैं कि इसी बात से रूष्ट होकर गाजियाबाद के नीले महावत ने जोर से कहा कि बाद में कब करेंगे। इसी बीच मेरठ के महावत ने गाजियाबाद के महावत को तमाचा जड़ दिया। एक तरफ करने के उददेश्य से जब मेरठ वाले महावत ने भगवागढ़ के महावत को धक्का दिया तो वह लड़खड़ाते हुए हापुड़ वाले महावत के ऊपर जा गिरा।

अब यहां पर हापुड़ वाले महावत ने जब इस महावत को कुछ कहा तो उसने भी पलटकर कोई चुभती हुई बात कह दी। बस इसी बात से कुपित होकर हापुड़ वाले महावत ने भी भगवागढ़ के महावत में एक तमाचा मार दिया। और फिर प्रभारी से लेकर हापुड़ वाले महावत के समर्थक आ गये। कहावत है कि एक चुप सौ को हराता है, मगर यहां केस अपोजिट था।

यहां तो सौ चुप थे और एक की जुबान हीं नहीं थम रही थी। बताते हैं कि फिर इसके बाद मंच पर ही सरपट-सरपट रैहपट का दौर शुरू हो गया। मेरठ के मंच पर हुई पिटाई का किस्सा गाजियाबाद के इस दल के खेमे में गूंज रहा है। यहां वाले भी कह रहे हैं कि अगर वो अपना बिहेव सुधार लें तो कम से कम ये मंचों पर ऐसी नौबत तो ना आये।

---

# पुर्नगठन के बाद से ही कांग्रेस महानगर इकाई पड़ी है शिथिल, कार्यकर्ताओं में घोर निराशा

सुब्रत भट्टाचार्या

**गाजियाबाद करंट क्राइम।** कांग्रेस प्रदेश नेतृत्व ने इस उम्मीद के साथ महानगर इकाई का पुनर्गठन किया था कि अगले विधानसभा चुनाव को देखते हुए संगठन को मजबूत किया जाएगा। साथ ही प्रदेश सरकार की नीति एवं कार्यक्रमों को लेकर संगठन की और से विरोध प्रदर्शन किया जाएगा लेकिन पुनर्गठन के बाद से महानगर इकाई की ओर से ऐसा कोई भी कार्यक्रम नहीं किया गया जिसे याद किया जा सके। संगठन को मजबूत करने के लिए राष्ट्रीय स्तर पर चलाए गए सृजन संगठन कार्यक्रम के दौरान महानगर इकाई द्वारा विधानसभा क्षेत्र में बैठक के आयोजित की गई थी लेकिन यह बैठक के भी महज कागजी साबित हो रही है।



कार्यकताओं का कहना है कि सृजन संगठन की बैठकों के बाद से महानगर इकाई शांत हो गई है विधानसभा चुनाव में अब बहुत ज्यादा समय नहीं बचा है लेकिन महानगर इकाई की सक्रियता नहीं दिख रही है। विधानसभा क्षेत्र में बूथ एवं ब्लॉक लेवल पर कमेटियों की बैठकें नहीं बुलाई जा रही है। जिस कारण कार्यकर्ता बेहद असमंजस की स्थिति में है।

कार्यकर्ता विधानसभा चुनाव के लिए अभी से तैयारी में जुट जाना चाहते हैं लेकिन महानगर नेतृत्व की ओर से उन्हें सही गाइडेंस नहीं मिल रहा है। कार्यकताओं का कहना है कि 2027 के चुनाव में सत्ता विरोधी लहर अवश्य होगी। जनता से संपर्क कर अगर सत्ता विरोधी लहर को और अधिक प्रखर किया जाए तो पार्टी को लाभ मिल सकता है लेकिन महानगर इकाई की ओर से अभी तक इस पर कोई खोजना नहीं बनाई गई है। विधानसभा वार तैयारी की मॉनिटरिंग के लिए कोई व्यवस्था नहीं की गई है। कार्यकताओं का कहना है कि ऐसे वक्त जब बीजेपी और समाजवादी पार्टी ने विधानसभा चुनाव की तैयारियां तेज कर दी है कांग्रेस के कार्यकर्ता असमंजस की स्थिति में है।

महानगर इकाई का हाल ऐसा है कि कार्यकर्ता तो कार्यालय में पहुंचते हैं लेकिन पदाधिकारी ही नहीं आते हैं। जिस कारण कार्यकताओं को निराशा होती है। कार्यकताओं का कहना है कि कभी गाजियाबाद कांग्रेस का मजबूत किला हुआ करता था लेकिन समय के साथ ही कांग्रेस यहां कमजोर होती गई इसका मुख्य कारण संगठन की कमी है। संगठन में फेर बदल तो किया जाता है लेकिन पदाधिकारियों की मानसिकता में बदलाव नहीं आ पाता है। सिर्फ खानापूर्ति कर जिम्मेदारिओं का निर्वहन किया जा रहा है।

पार्टी के एक वरिष्ठ नेता का कहना है कि पिछले दिनों पूर्व केंद्रीय विदेश मंत्री सलमान खुर्शीद गाजियाबाद आए थे लेकिन इसकी जानकारी तक नेताओं और कार्यकताओं को शेयर नहीं किया गया। इतने बड़े नेता के गाजियाबाद आने पर कोई बड़ा कार्यक्रम नहीं किया गया। कार्यालय में गिने चुने पदाधिकारी व कार्यकताओं के बीच सलमान खुर्शीद ने अपनी बात रखी। इस कार्यक्रम की मीडिया कवरेज भी ढंग से नहीं कराई गई। उन्होंने कहा कि पंचायत चुनाव अब ज्यादा दूर नहीं है। लेकिन कार्यकताओं से पंचायत चुनाव को लेकर कोई चर्चा या राय मशविरा नहीं हो रही है। पंचायत चुनाव में पार्टी ने सभी चुनाव लड़ने के इच्छुक कार्यकताओं को चुनाव लड़ने की छूट दे रखी है लेकिन उन्हें कोई गाइडेंस वगैरह नहीं दिया जा रहा है।

## संपादकीय

# ईडी-बंगाल टकराव सुप्रीमकोर्ट

पॉलिटिकल कंसल्टिंग फर्म I-PAC पर छापेमारी का मामला सुप्रीम कोर्ट में है, जहां ईडी ने बंगाल पुलिस पर जांच में दखल देने का आरोप लगाया है। वहीं, ममता बनर्जी का कहना है कि ईडी को तृणमूल कांग्रेस के डेटा की जानकारी थी। अदालत ने दोनों पक्षों से जवाब मांगा है, जिससे एजेंसियों की भूमिका पर सवाल उठ रहे हैं। पॉलिटिकल कंसल्टिंग फर्म I-PAC के यहां छापेमारी मामला वैसे तो अभी सुप्रीम कोर्ट में चल ही रहा है, लेकिन कोर्ट की अब तक की कार्यवाही भी काफी कुछ कहती है। इससे इतना संकेत जरूर मिलता है कि दोनों में से किसी भी पक्ष को पूरी तरह पाक-साफ कहना मुश्किल है।

गंभीर आरोप । इस मामले में सुप्रीम कोर्ट ने बंगाल पुलिस को ईडी के खिलाफ दर्ज केस में जांच करने से रोक दिया है और राज्य सरकार से दो हफ्ते में जवाब मांगा है। ईडी ने सीएम ममता बनर्जी और राज्य पुलिस पर जांच में दखल देने और सबूतों की चोरी जैसे गंभीर आरोप लगाए हैं। दूसरी तरफ ममता का आरोप है कि क-ढअउ के पास तृणमूल कांग्रेस का डेटा था और ईडी को इसकी जानकारी थी।

संवैधानिक प्रतिबद्धता अदालत ने अगली सुनवाई के लिए 3 फरवरी की तारीख तय की है। जाहिर है, आरोपों की सचाई जानने के लिए हमें अदालती फैसले का इंतजार करना होगा लेकिन जिस तरह से यह मामला अभी तक चला है, उससे लॉ एनफोर्समेंट एजेंसीज की भूमिका को लेकर सवाल तो उठते ही हैं। राजनीति में आरोप लगना-लगाना सामान्य बात है, लेकिन दो एजेंसियों - ईडी और राज्य पुलिस का यूं आमने-सामने आ जाना गंभीर मसला है। सही हो या गलत, उनके कामकाज के अंदाज से ऐसा संदेश नहीं जाना चाहिए कि वे इस या उस राजनीतिक दल के प्रभाव में हैं।

घेरे में दोनों पक्ष अगर सवाल पुलिस के दखल का है, तो घेरे में ईडी के एक्शन की टाइमिंग भी है। अदालत में भी इस पॉइंट को उठाया गया, कि जिस कोल स्कैम की जांच ईडी कर रही है, उसमें आखिरी बयान फरवरी 2024 में दर्ज किया गया था। इतने लंबे गैप के बाद अब कार्रवाई क्यों? बंगाल में इसी साल विधानसभा चुनाव होने हैं, तो यह पूछा जाना स्वाभाविक है।

सुधार की गुंजाइश आंकड़ों को देखा जाए तो पिछले साल मार्च में सरकार ने संसद में बताया था कि 10 बरसों में राजनेताओं के खिलाफ ईडी ने 193 केस दर्ज किए और सजा मिली सिर्फ 2 में! वहीं, पिछले साल मई में ही एक मौके पर सुप्रीम कोर्ट की टिप्पणी रही कि केंद्रीय एजेंसी संविधान के संघीय ढांचे का उल्लंघन कर रही है। हालांकि ऐसे किसी खास मामले के आधार पर किसी केंद्रीय एजेंसी के बारे में कोई अंतिम राय बना लेना ठीक नहीं होगा, लेकिन इसमें शक नहीं कि ईडी को भी अपनी कार्यशैली में सुधार पर विचार करने की जरूरत है।

# इंफोसिस की तेज छलांग से बाजार में रौनक सेंसेक्स-निफ्टी हरे निशान पर बंद



**नई दिल्ली।** भारतीय शेयर बाजार शुक्रवार को बढ़त के साथ बंद हुआ। 30 शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स 187.64 अंक उछलकर 83,570.35 अंक पर बंद हुआ। वहीं, 50 शेयरों वाला एनएसई निफ्टी 28.75 अंक की बढ़त के साथ 25,694.35 पर बंद हुआ।हफ्ते के आखिरी कारोबारी दिन यानी शुक्रवार को शेयर बाजार हरे निशान पर बंद हुआ। इंफोसिस के शेयरों में आई तेज उछाल के चलते सेंसेक्स और निफ्टी जैसे शेयर बाजार उच्च स्तर पर बंद हुए। कंपनी ने वित्त वर्ष 2026 के लिए अपने राजस्व वृद्धि अनुमान को बढ़ाया था। रुपया लगातार तीसरे सत्र में गिरकर शुक्रवार को अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 50 पैसे गिरकर अपने सबसे निचले स्तर 90.84 (अस्थायी) के करीब बंद हुआ। दो दिनों की गिरावट के बाद, 30 शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स 187.64 अंक या 0.23 प्रतिशत चढ़कर 83,570.35 पर बंद हुआ। दिन के दौरान, यह 752.26 अंक या 0.90 प्रतिशत बढ़कर 84,134.97 पर पहुंच गया। वहीं 50 शेयरों वाला एनएसई निफ्टी 28.75 अंक या 0.11 प्रतिशत बढ़कर 25,694.35 पर पहुंच गया।

### सेंसेक्स की कंपनियों का हाल

सेंसेक्स की 30 कंपनियों में से, टेक महिंद्रा, एचसीएल टेक, स्टेट बैंक ऑफ इंडिया, अल्ट्राटेक सीमेंट और एचडीएफसी बैंक भी लाभ कमाने वालों में शामिल थे। इसके विपरीत, इटरनल, एशियन पेंट्स, भारत इलेक्ट्रॉनिक्स, सन फार्मा और मारुति पिछड़ने वाली कंपनियों में शामिल थीं।

### भारत-अमेरिका के बीच व्यापार वार्ता जारी

वाणिज्य सचिव राजेश अग्रवाल ने गुरुवार को कहा कि भारत और अमेरिका व्यापार समझौते को अंतिम रूप देने के बहुत करीब हैं और दोनों पक्षों के तैयार होने पर इसकी घोषणा की जाएगी। उन्होंने कहा कि दोनों पक्षों की वार्ता टीमें लगभग सभी लंबित मुद्दों पर चर्चा कर रही हैं।

### बेहतर तिमाही के नतीजों से बाजार में दिखी तेजी

आईटी और मिड-सेगमेंट बैंकिंग शेयरों के बेहतर तीसरी तिमाही के नतीजों के चलते सत्र के दौरान शेयर बाजारों में सकारात्मक गति देखने को मिली। हालांकि, कारोबार बंद होने के समय मुनाफावसूली ने तेजी को सीमित कर दिया, जिसके परिणामस्वरूप बाजार में मामूली बढ़त ही दर्ज की गई।

जियोजित इन्वेस्टमेंट्स लिमिटेड के अनुसंधान प्रमुख विनोद नायर ने कहा कि प्रमुख उद्योग सूचकांक द्वारा राजस्व वृद्धि अनुमानों में ऊपर की ओर संशोधन और प्रौद्योगिकी पर बढ़ते खर्च की उम्मीदों के कारण आईटी क्षेत्र ने बेहतर प्रदर्शन किया।

### इंफोसिस के शेयरों में आया 5.67 प्रतिशत का उछाल

बंगलूरू स्थित इंफोसिस के शेयरों में 5.67 प्रतिशत की उछाल आई, क्योंकि चालू वित्त वर्ष की तीसरी तिमाही में इसकी परिचालन आय में 8.9 प्रतिशत की वृद्धि हुई और यह पिछले वर्ष की इसी अवधि के 41,764 करोड़ रुपये से बढ़कर 45,479 करोड़ रुपये हो गई। कंपनी ने वित्त वर्ष 2026 के लिए अपने राजस्व वृद्धि अनुमान को स्थिर मुद्रा में पहले के 2-3 प्रतिशत से बढ़ाकर 3-3.5 प्रतिशत कर दिया है।

यूरोपीय बाजारों में दिखी गिरावट एशियाई बाजारों में, दक्षिण कोरिया का कोस्पी सूचकांक उच्च स्तर पर बंद हुआ, जबकि जापान का निक्केई 225 सूचकांक, शंघाई का एसएसई कंपोजिट सूचकांक और हांगकांग का हैंग सेंग सूचकांक गिरावट के साथ बंद हुए। यूरोपीय बाजारों में गिरावट देखी गई। अमेरिकी बाजार गुरुवार को बढ़त के साथ बंद हुए। ब्रेंट क्रूड का भाव बढ़कर 64.43 अमेरिकी डॉलर प्रति बैरल पर पहुंचा वैश्विक तेल मानक ब्रेंट क्रूड में 1.05 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई और यह 64.43 अमेरिकी डॉलर प्रति बैरल पर पहुंच गया।

## नेशनल स्टार्टअप डे पर पीएम मोदी बोले स्टार्टअप्स बने नए भारत के भविष्य की नींव



**नई दिल्ली:** भारत का स्टार्टअप इकोसिस्टम पिछले एक दशक में एक सीमित विचार से निकलकर राष्ट्र निर्माण के सबसे बड़े स्तंभ के रूप में उभरा है। 'नेशनल स्टार्टअप डे' के अवसर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इस विकास यात्रा को नए और विकसित होते भारत के भविष्य का आधार बताया है। प्रधानमंत्री ने जोर देकर कहा कि आज के स्टार्टअप फाउंडर्स और इनोवेटर्स का समूह वास्तव में भारत के उज्ज्वल भविष्य की तस्वीर पेश कर रहा है। प्रधानमंत्री ने स्टार्टअप आंदोलन की विनम्र शुरूआत को याद करते हुए बताया कि लगभग 10 साल पहले, इस कार्यक्रम की नींव विज्ञान भवन में रखी गई थी। उस समय यह पहल बहुत छोटी थी।

### स्टार्टअप डे पर और क्या-क्या बोले पीएम मोदी-

आप याद कीजिए, 10 साल पहले हालत क्या थे... इंडिविजुअल एफर्ट और इनोवेशन के लिए गुंजाइश ही नहीं थी। हमने उन परिस्थितियों को चैलेंज किया, हमने स्टार्टअप इंडिया लॉन्च किया और हमने युवाओं को खुला आसमान दिया, और आज नतीजा हमारे सामने है।

सिर्फ 10 साल में स्टार्टअप इंडिया मिशन क्रांति बन चुका है। भारत आज दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा स्टार्टअप इकोसिस्टम है।

प्रधानमंत्री मोदी ने भारत में स्टार्टअप को लेकर समाज और परिवारों के दृष्टिकोण में आए बदलाव पर विशेष रूप से प्रकाश डाला। उन्होंने 10 साल पहले की एक घटना का उदाहरण साझा किया, जिसमें एक युवती ने कॉरपोरेट जगत की सुरक्षित नौकरी छोड़कर स्टार्टअप शुरू करने का फैसला लिया था।

जब वह अपनी मां को यह जानकारी देने कोलकाता गई, तो उसकी मां की प्रतिक्रिया थी, सर्वनाश... तुम बबार्दी की राह पर क्यों जा रही हो!। यह वाकया उस समय स्टार्टअप को लेकर देश में व्याप्त गहरी असुरक्षा और संशय की भावना को दशार्ता है। स्टार्टअप को तब करियर के एक अस्थिर विकल्प और आर्थिक 'विनाश' के रूप में देखा जाता था।

आज स्थिति पूरी तरह बदल चुकी है। प्रधानमंत्री ने गर्व के साथ बताया कि जिस स्टार्टअप को कभी 'बबार्दी की राह' माना जाता था, आज वही देश के विकास की मुख्यधारा है। स्टार्टअप इंडिया की सफलता ने न केवल आर्थिक अवसर पैदा किए हैं, बल्कि समाज में 'नौकरी चाहने वाले' से 'नौकरी देने वाले' की संस्कृति विकसित की है।

## रोचक तथ्यों का करंट

- सूर्य की ऊर्जा का कुछ भाग पृथ्वी और समुद्र की सतह से टकराकर वायुमंडल में बदल जाता है।
- पृथ्वी आकार में पांचवां सबसे बड़ा ग्रह है।
- आकार और बनावट में पृथ्वी शुक्र की तरह है।
- पृथ्वी सौरमण्डल का एकमात्र ऐसा ग्रह है जिस पर जीवन है।
- पृथ्वी अपने अक्ष पर कुछ झुकी हुई है जिसकी वजह से ऋतु परिवर्तन होता है। पृथ्वी की 3 परतें हैं।
- पृथ्वी तक सूर्य प्रकाश का पहुंचने में 8 मिनट 18 सेकंड लगते है।
- पृथ्वी का समुद्र तल से अधिकतम ऊँचा उठा हुआ भाग 15000 मीटर तक हो सकता है इससे अधिक नहीं। इसकी वजह पृथ्वी की गुरूत्वाकर्षण शक्ति है।
- पृथ्वी का एकमात्र उपग्रह चन्द्रमा है,जो कभी इसी का ही भाग था ।
- आज से 450 करोड़ साल पहले, सूर्य मंडल में मंगल के आकार का एक ग्रह था जो कि पृथ्वी के साथ एक ही ग्रहपथ पर सूर्य की परिक्रमा करता था । मगर यह ग्रह किसी कारण धरती से टकराया और एक तो धरती मुड़ गई और दूसरा इस टक्कर के फलस्वरूप जो पृथ्वी का हिस्सा अलग हुआ उससे चाँद बन गया ।

# चांदी-सोने में गिरावट रिकॉर्ड तेजी थमी

**नई दिल्ली।** चांदी के वायदा भाव में पांच दिनों की रिकॉर्ड तोड़ तेजी समाप्त हो गई। शुक्रवार को इसमें 4,027 रुपये की गिरावट आई और यह 2,87,550 रुपये प्रति किलोग्राम पर आ गया। वहीं सोने की कीमतें गिरकर 1,42,601 रुपये प्रति 10 ग्राम हो गईं क्योंकि निवेशकों ने कमजोर वैश्विक रुझानों और मजबूत अमेरिकी डॉलर के मद्देनजर मुनाफावसूली की। महाराष्ट्र में नगर निगम चुनावों के कारण गुरुवार को सुबह के सत्र में एमसीएक्स पर कमोडिटी का कारोबार बंद रहा और बाद में शाम के सत्र में कारोबार फिर से शुरू हुआ।



**एमसीक्स पर चांदी का भाव कितना गिरा:** मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज (एमसीएक्स) पर मार्च डिलीवरी के लिए चांदी के वायदा भाव में 4,027 रुपये या 1.38 प्रतिशत की गिरावट आई और यह 9,890 लॉट के कारोबार में 2,87,550 रुपये प्रति किलोग्राम पर पहुंच गया। गुरुवार को सफेद धातु ने 2,92,960 रुपये प्रति किलोग्राम का सर्वकालिक उच्च स्तर छुआ था।

**वैश्विक बाजार में सोने-चांदी का हाल :** अंतरराष्ट्रीय बाजार में, एशियाई कारोबार के दौरान चांदी और सोने दोनों की कीमतों में गिरावट आई। कॉमेक्स बाजार में, मार्च अनुबंध के लिए चांदी की कीमत 1.93 अमेरिकी डॉलर या 2.10 प्रतिशत गिरकर 90.41 अमेरिकी डॉलर प्रति औंस हो गई। बुधवार को यह 93.56 अमेरिकी डॉलर प्रति औंस के रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गई थी।

फरवरी डिलीवरी के लिए सोने के वायदा भाव में भी 21.9 अमेरिकी डॉलर या 0.47 प्रतिशत की गिरावट आई और यह 4,601.8 अमेरिकी डॉलर प्रति औंस पर पहुंच गया।

# अमेरिकी टैरिफ के बीच भारत ने बदली रणनीति नए बाजारों से निर्यात को मिली मजबूती



**नई दिल्ली।** भारत-अमेरिका के बीच व्यापार वार्ता जारी है। भारत पर लगाए गए भारी अमेरिकी टैरिफ के बावजूद घरेलू निर्यातकों ने दूसरे बाजार तलाशकर अमेरिका पर अपनी निर्भरता कम की है। रिपोर्ट बताती है, पारंपरिक यूरोपीय व्यापारिक साझेदारों ने कारोबार को स्थिर बनाए रखने मदद की है।भारत सरकार के वाणिज्य सचिव के अनुसार भारत-अमेरिका व्यापार समझौता बहुत जल्द हो सकता है, लेकिन अभी इसकी कोई समय-सीमा तय नहीं की जा सकती है। इस बयान से व्यापारियों और निवेशकों को काफी राहत मिली है, लेकिन अमेरिका द्वारा भारत पर 50 प्रतिशत टैरिफ लगाने के बाद देश ने अमेरिका के बाजारों पर अपनी निर्भरता कम किया है और भौगोलिक क्षेत्रों में अपनी उपस्थिति का विस्तार किया है। इसके लिए कई यूके, नीदरलैंड, ओमान और छोटे देशों के साथ व्यापार समझौते किए गए हैं।

एलारा सिक्योरिटीज की एक रिपोर्ट में बताया गया है कि हाल के महीनों में भारत ने निर्यात बाजार में टैरिफ लागू होने के बाद एक पुर्नसंतुलन देखने को मिला है, जिसमें भारत ने संयुक्त राज्य अमेरिका पर अपनी निर्भरता कम की है।

### टैरिफ लागू होने के बाद अमेरिका की हिस्सेदारी घटी

रिपोर्ट के अनुसार भारत के निर्यात में अमेरिका की हिस्सेदारी टैरिफ लागू होने से पहले 22.5 थी, जो टैरिफ शुल्क लागू होने के बाद घटकर 17.8 प्रतिशत रह गई है। इसके विपरीत संयुक्त अरब अमीरात, चीन, सऊदी अरब, स्पेन और हांगकांग जैसे बाजारों में वृद्धि दर्ज की गई, जो भारतीय निर्यातकों द्वारा प्रभावी व्यापार के लिए प्रमुख बाजार बनते नजर आ रहे हैं।

### यूरोपिय बाजारों ने निर्यात में वृद्धि की

रिपोर्ट बताती है, पारंपरिक यूरोपीय व्यापारिक साझेदारों ने कारोबार को स्थिर बनाए रखने मदद की है। जर्मनी, इटली, और स्पेन जैसे देशों में मामूली वृद्धि ने नीदरलैंड और ब्रिटेन में देखी गई। जिसने टैरिफ लागू होने के बाद आई नरमी को संतुलित करने में मदद की है। वित्त वर्ष 2027 के अंत में माल-सामान निर्यात में 4.5-5 प्रतिशत की वृद्धि का अनुमान है, जबकि वित्त वर्ष के अंत यह वृद्धि 2 प्रतिशत रहने का अनुमान है।

## राशिफल

**मेष:** आज आपके व्यावसायिक प्रयास फलीभूत होंगे। सत्ता के प्रति सुख की प्राप्ति होगी। आर्थिक पक्ष मजबूत होगा।

**वृष:** ध्यान और योग न केवल आध्यात्मिक तौर पर, बल्कि शारीरिक तौर पर भी आपके लिए फायदेमन्द साबित होंगे।

**मिथुन:** आज आपका दिन अच्छा रहेगा। छोटे पैमाने पर अगर आप कोई काम शुरू कर रहे हैं, तो आगे चलकर आपको फायदा हो सकता है।

**कर्क:** आज आपके करीबी लोग आपके निजी जीवन में परेशानियाँ खड़ी कर सकते हैं। जिन लोगों से आपको पैसे लेने हैं, उनसे वसूली भी कर सकते हैं।

**सिंह:** जीवन-साथी के साथ पारिवारिक समस्याओं को साझा करें। एक-दूसरे को फिर से भली-भांति जानने के लिए थोड़ा और वक़्त एक-दूसरे के साथ बिताएँ।

**कन्या:** आज आपका दिन बेहतर रहेगा। कुछ लोगों से आपको उम्मीद से अधिक फायदा होगा। लवमेट के लिए आज का दिन बढ़िया रहेगा।

**तुला:** भाग्य की अपेक्षा मेहनत पर जोर दें, विभिन्न स्त्रोतों से लाभ के संकेत हैं। जीवनसाथी आप लोगों को खुशी देने की हर संभव कोशिश करेगा।

**वृश्चिक:** कामकाम में तेजी लम्बे समय से चली आ रही समस्या का समाधान कर देगी। खर्चों में बढ़ोतरी होगी, जो आपके लिए परेशानी का सबब साबित हो सकती है।

**धनु:** आज आपका मन प्रसन्न रहेगा। आपको किसी तरह के कानूनी मामले में बड़ी मदद मिल सकती है। आप परिवार वालों के साथ शॉपिंग करने जा सकते हैं।

**मकर:** आज आप कार्य की अधिकता की वजह से अपने घर के सदस्यों को अधिक समय नहीं दे पाएगें। आपका प्रिय को आपसे भरोसे एवं वादे की जरूरत है।

**कुंभ:** जीवनसाथी खुशी की वजह साबित होगा। आर्थिक तौर पर सिर्फ और सिर्फ एक स्रोत से ही लाभ मिलेगा। घर में उल्लास का माहौल तनावों को कम कर देगा।

**मीन:** आज शाम तक कोई शुभ समाचार मिल सकता है। घर में खुशियों का माहौल बन सकता है। सोसाइटी के लोग आपसे घर पर मिलने आ सकते हैं।

## चुटकुले

संता ने बंता को थप्पड़ मार दिया...
बंता- ये तूने मजाक में मारा या सच में मारा?
संता- सच में मारा।
बंता- तो ठीक है, मुझे मजाक बिलकुल भी पसंद नहीं है।

पप्पू- मां ये लड़कियां इतने व्रत क्यों रखती हैं?
मां- बेटा इतनी आसानी से थोड़ी मिल जाएगा किसी को तू
पप्पू (मन ही मन सोचता हुआ) बोला- कसम से आज पहली बार देवता वाली फीलिंग आ रही है

एक आदमी ने फेसबुक पर पोस्ट किया...
आज मैं छत पर सोऊंगा...
बस फिर क्या था मोहल्ले के 25 से 30 मच्छरों ने पोस्ट लाइक किया। उसके बाद दो चोरों ने भी बचा कुचा काम कर दिया।
तब से वो व्यक्ति छत पर सोने नहीं जाता है।




प्रिय पाठकों,
आप भी हमें भेज सकते हैं अपनी लिखी हुई कविता, चुटकुले, विचार, आर्टिकल या शहर से जुड़ी हुई कोई भी समस्या। हम उसे प्रमुखता से प्रकाशित करेंगे।

**करंट क्राइम**
K-4, A-Block, Govindpuram Commercial Area, Near LG Showroom, Ghaziabad, Mob 09899655497
Email: currentcrimenews@gmail.com
Website: www.currentcrime.com

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक व सम्पादक मनोज कुमार ने ए.जी.एस. पब्लिकेशन, एफ-23, सैक्टर-6, नोएडा-201301 (गौतमबुद्धनगर) उत्तर प्रदेश से छपवाकर कार्यालय 'करंट क्राइम' बी-2बी/295, जनकपुरी, नई दिल्ली-110058 से प्रकाशित किया। R.N.I NO. DELHIN/2015/65364

सम्पादक : मनोज कुमार
समाचार संपादक दीपक भाटी
संरक्षक : राकेश यादव, विवेक भाटी

दैनिक करंट क्राइम
समाचार पत्र में किसी भी तरह के डिस्प्ले एवं वर्गीकृत विज्ञापन (खोया-पाया, संबंध-विच्छेद, कोर्ट नोटिस, जीडीए सूचना, नाम परिवर्तन) आदि के लिए निम्न फोन नंबर एवं पते पर संपर्क करें।
संपर्क : के-2, ए ब्लॉक, कॉमर्शियल मार्केट, गोविन्दपुरम, गाजियाबाद
मो. : 9818606318 (हरीश कुमार) 8630290003 (विष्णु गुप्ता)





# राशिद ने क्यों छोड़ा टक्केप टाउन का साथ

## टी-20 विश्व कप से अचानक बाहर हुए तेज गेंदबाज नवीन उल हक

**काबुल।** इस महीने के अंत में नवीन उल हक सर्जरी कराएंगे। यह टी20 विश्व कप से बाहर होना उनके लिए बड़ा झटका है, क्योंकि वह अफगानिस्तान के लिए दिसंबर 2024 के बाद नहीं खेल सके हैं। वहीं, अफगानिस्तान के दिग्गज लेग स्पिनर और कप्तान राशिद खान ने दक्षिण अफ्रीका की टी20 लीग एसए20 का साथ छोड़ दिया है।

अफगानिस्तान के तेज गेंदबाज नवीन उल हक टी20 विश्व कप से बाहर हो गए हैं। इसी के साथ वह वेस्टइंडीज के खिलाफ अगले सप्ताह शुरू हो रही तीन मैचों की टी20 सीरीज से भी बाहर हो गए हैं। ईएसपीएनक्रिकइनफो की रिपोर्ट के मुताबिक, इस महीने के अंत में नवीन उल हक सर्जरी कराएंगे। अफगानिस्तान क्रिकेट बोर्ड ने अभी



तक उनके रिप्लेसमेंट का एलान नहीं किया है। टी20 विश्व कप के लिए अफगानिस्तान की टीम में रिजर्व में कई स्टार खिलाड़ी शामिल हैं। इनमें मिस्ट्री स्पिनर अल्लाह गजनफर, बल्लेबाज इजाज अहमदजई और तेज गेंदबाज जिया उर रहमान शरीफी शामिल हैं। गजनफर को मौका दिया जा सकता है।

### नवीन की चोट की गंभीरता का पता नहीं

रिपोर्ट में नवीन को कहां चोट लगी है, इस बारे में नहीं बताया गया है। यह उनके लिए बड़ा झटका है, क्योंकि वह अफगानिस्तान के लिए दिसंबर 2024 के बाद नहीं खेल सके हैं।

इसके बाद से उन्होंने दक्षिण अफ्रीका की टी20 लीग एसए20 में और अमेरिका की मेजर लीग क्रिकेट में तो हिस्सा लिया, लेकिन अपने देश के लिए नहीं खेल सके।

एशिया कप 2025 से पहले उन्हें कंधे में चोट लगी थी और वह टूर्नामेंट से बाहर हो गए थे। उन्होंने इसके बाद आईएलटी20 में वापसी की थी और एमआई अमीरात टीम के लिए खेले थे। अब वह फिर से चोटिल हो गए हैं।

### राशिद ने देश के लिए एसए20 का साथ छोड़ा

इसी बीच अफगानिस्तान के दिग्गज लेग स्पिनर और कप्तान राशिद खान ने दक्षिण अफ्रीका की टी20 लीग एसए20 का साथ छोड़ दिया है। वह एमआई केप टाउन के लिए खेल रहे थे। वह वेस्टइंडीज के खिलाफ आगामी टी20 सीरीज में खेलते दिख सकते हैं। कीरोन पोलार्ड बाकी बचे मैचों के लिए राशिद को एमआई केप टाउन में रिप्लेस करेंगे। डिफेंडिंग चैंपियन एमआई केप टाउन इस वक्त अंक तालिका में सबसे नीचे है। आठ मैचों में टीम ने सिर्फ दो जीत हासिल की है और पांच में टीम को हार मिली है। राशिद के अलावा मुजीब उर रहमान ने भी एसए20 में अपनी टीम पार्ल रॉयल्स का साथ छोड़ दिया है।

### कौन बनेगा एमआई केप टाउन का कप्तान?

पोलार्ड ने हाल ही में आईएलटी20 में हिस्सा लिया था और अपनी टीम को फाइनल में पहुंचाया था। हालांकि, राशिद एमआई केप टाउन की कप्तानी भी कर रहे थे। ऐसे में पोलार्ड के कप्तान बनने की संभावना कम है।

रसी वान डर डुसेन या फिर रेयान रिकेल्टन को कमान सौंपी जा सकती है। रिकेल्टन ने एसए20 के इस सीजन में बल्ले से धमाल मचाया है। वह अब तक रन चार्ट में सबसे ऊपर हैं। उन्होंने अब तक 167.01 के स्ट्राइक रेट से 324 रन बनाए हैं। रिकेल्टन अब तक इस सीजन दो शतक लगा चुके हैं। इनमें डरबन सुपर जाएंट्स के खिलाफ 113 रन और जोहानिसबर्ग सुपर किंग्स के खिलाफ भी 113 रन की पारी शामिल है।

राशिद इस सीजन में एमआई केप टाउन के सबसे किफायती गेंदबाज रहे थे। उन्होंने 7.92 की इकोनॉमी से छह विकेट झटके थे। इसके अलावा उन्होंने 21 गेंदें भी खेली थीं और 36 रन बनाए थे।

## भारतीय शतरंज खिलाड़ियों की होगी कड़ी परीक्षा



**नई दिल्ली।** विश्व शतरंज चैंपियन डी गुकेश टाटा स्टील टूर्नामेंट में हिस्सा लेंगे। गुकेश के लिए पिछला साल कुछ खास नहीं रहा था और वह अब इस निराशा को पीछे छोड़ना चाहेंगे।

विश्व शतरंज चैंपियन डी गुकेश 2025 की अपनी असफलताओं को पीछे छोड़कर शनिवार से शुरू होने वाले टाटा स्टील मास्टर्स शतरंज टूर्नामेंट में नई शुरूआत करने के लिए प्रतिबद्ध होंगे। गुकेश का पहले दौर में उनका मुकाबला उज्बेकिस्तान के विश्व कप विजेता जावोखिर सिंदारोव से होगा। यह प्रतिष्ठित टूर्नामेंट विश्व के सबसे पुराने टूर्नामेंट में से एक है।

**1938 में हुई थी टूर्नामेंट की शुरूआत:** इसकी शुरूआत 1938 से हुई थी और 2011 से इसका आयोजन टाटा स्टील के बैनर तले किया जा रहा है। भारतीय खिलाड़ियों को इस बार टूर्नामेंट में कड़ी चुनौती का सामना करना पड़ेगा। गुकेश ने 2024 में चीन के डिंग लिरेन को हराकर विश्व चैंपियन बनने का गौरव हासिल किया था। वह टाटा स्टील टूर्नामेंट में पिछली बार हमवतन आर प्रज्ञानंद से टाइब्रेक में हार कर दूसरे स्थान पर रहे थे। इस बार वह खिताब जीतने के लिए किसी भी तरह से कोई कसर नहीं छोड़ना चाहेंगे। मौजूदा चैंपियन प्रज्ञानंद एकमात्र भारतीय खिलाड़ी हैं जिन्होंने मार्च-अप्रैल में होने वाले कैंडिडेट्स टूर्नामेंट में अपनी जगह पक्की कर ली है। लेकिन इसके बाद उनका प्रदर्शन अपेक्षित नहीं रहा है। इस प्रतियोगिता के शीर्ष वरीयता प्राप्त खिलाड़ी अर्जुन एरिगेसी हैं, जो कैंडिडेट्स टूर्नामेंट में भाग नहीं लेंगे, लेकिन 2025 के आखिर तक वह भारतीय खिलाड़ियों अर्जुन का लक्ष्य यहां अच्छा प्रदर्शन करके रैंकिंग में अपनी स्थिति को और मजबूत करना होगा।

## प्रज्ञानंद-गुकेश में कहां होगा विश्व चैंपियनशिप का फाइनल मुकाबला



**नई दिल्ली।** विश्वनाथन आनंद ने संकेत दिया है कि अगर प्रज्ञानंद कैंडिडेट्स जीतकर गुकेश को चुनौती देते हैं तो विश्व शतरंज चैंपियनशिप फाइनल चेन्नई में हो सकता है। दोनों भारतीय खिलाड़ियों के बीच ऐसा मुकाबला ऐतिहासिक और भावनात्मक होगा। कैंडिडेट्स में कारुआना, नाकामुरा सहित आठ खिलाड़ी खिताबी चुनौती की दौड़ में हैं। विश्व चैंपियनशिप की तारीख और स्थल की आधिकारिक घोषणा अभी बाकी है।

अंतरराष्ट्रीय शतरंज संगठन के उपाध्यक्ष और भारत के महान ग्रैंडमास्टर विश्वनाथन आनंद ने संकेत दिया है कि अगर आर. प्रज्ञानंद कैंडिडेट्स टूनार्मेंट जीतकर मौजूदा विश्व चैंपियन डी. गुकेश को चुनौती देते हैं, तो यह मुकाबला चेन्नई में हो सकता है। ऐसा होने पर यह पहली बार होगा जब दो भारतीय खिलाड़ी शतरंज विश्व खिताब के लिए आमने-सामने होंगे।

## बंद कमरे की माफी नामंजूर, खिलाड़ियों की जिद- नजमुल जनता के सामने बोलें सॉरी

**ढाका।** तमीम पर 'इंडियन एजेंट' टिप्पणी के बाद बांग्लादेश क्रिकेट में बवाल मचा। बीपीएल और डीपीएल मैच उथल-पुथल में पड़े। विवादित अधिकारी नजमुल इस्लाम माफी को तैयार हैं, लेकिन बीसीबी इसे बंद कमरे में करना चाहता है, जबकि खिलाड़ी सार्वजनिक माफी और डायरेक्टर पद से हटाने की मांग कर रहे हैं। सरकार के खेल सलाहकार भी खिलाड़ियों के पक्ष में हैं। संकट अब बीसीबी के फैसले पर टिका है।

बांग्लादेश क्रिकेट इन दिनों बड़ी उथल-पुथल से गुजर रहा है। क्रिकेट बोर्ड के डायरेक्टर एम. नजमुल इस्लाम द्वारा पूर्व कप्तान तमीम इकबाल को 'इंडियन एजेंट' कहने के बाद शुरू हुआ विवाद अब सिर्फ बयानबाजी की लड़ाई नहीं, बल्कि सम्मान और जवाबदेही का मुद्दा बन गया है। उनकी टिप्पणी के बाद वरिष्ठ खिलाड़ियों ने बांग्लादेश प्रीमियर लीग और ढाका प्रीमियर लीग (DPL) के मैचों का बहिष्कार कर दिया, जिससे पूरा ढांचा हिल गया।



विवाद तब और बढ़ गया जब नजमुल ने यह भी कहा कि अगर खिलाड़ी टी20 विश्व कप से बाहर होते हैं तो बोर्ड उन पर कोई एहसान नहीं करेगा। उन्होंने कहा था, 'हमने उनमें निवेश किया है, लेकिन उन्होंने बदले में क्या दिया? क्या हमने एक भी वैश्विक ट्रॉफी जीती?' यह बयान बांग्लादेश के न्यूज वेबसाइट 'डेली स्टार' को उन्होंने दिया था।

कड़ी आलोचना के बीच बीसीबी ने नजमुल इस्लाम को फाइनेंस कमेटी की चेयरमैनशिप से हटा दिया पर डायरेक्टर पद से नहीं हटाया। बाद में खबर आई कि नजमुल इस्लाम माफी मांगने को तैयार हैं, लेकिन बीसीबी अध्यक्ष अमीनुल इस्लाम के अनुसार यह माफी बंद कमरे में होनी चाहिए।

बांग्लादेशी मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, कथित तौर पर फोन कॉल में बीसीबी प्रमुख ने कहा, 'माफी संभव है, लेकिन निजी बैठक में।' हालांकि खिलाड़ियों ने इसे खारिज कर दिया। उनके अनुसार यह अपमान सार्वजनिक था, इसलिए माफी भी सार्वजनिक होनी चाहिए।

क्रिकेटर्स वेलफेयर एसोसिएशन ऑफ बांग्लादेश (CWAB) की ओर

### खिलाड़ियों की मुख्य शर्तें क्या हैं?

- नजमुल इस्लाम की सार्वजनिक माफी
- डायरेक्टर पद से औपचारिक निष्कासन की प्रक्रिया
- इस दौरान खिलाड़ियों पर कोई अनुशासनात्मक कार्रवाई न हो

से जारी बयान में कहा गया, 'चूंकि बीसीबी डायरेक्टर एम. नजमुल इस्लाम ने सार्वजनिक तौर पर अपमान किया है, इसलिए हम चाहते हैं कि वे सार्वजनिक तौर पर माफी मांगें।' उहअइ ने यह भी स्पष्ट किया कि अगर सार्वजनिक माफी होती है और उन्हें डायरेक्टर पद हटाने की प्रक्रिया जारी रहती है, तभी खिलाड़ी वापस से बीपीएल खेलने को तैयार होंगे।

### सरकार के खेल सलाहकार भी बोले : राष्ट्रीय छवि दांव पर

इस विवाद पर सिर्फ क्रिकेटर्स ही नहीं, बल्कि बांग्लादेश सरकार के युवाकला एवं खेल सलाहकार आसिफ नजरूल ने भी नाराजगी जताई। उन्होंने प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा, 'इस वक्त हमें दुनिया को बताना है कि हम एकजुट देश हैं। ऐसे समय में एक जिम्मेदार पद पर बैठा व्यक्ति खिलाड़ियों का अपमान करे तो यह समझ से परे है।' उन्होंने तमीम और खिलाड़ियों के सम्मान को राष्ट्रीय पहचान का हिस्सा बताया और इसे असंवेदनशील और गैर-पेशेवर व्यवहार कहा।

### बोर्ड बनाम खिलाड़ी : शर्तों की जंग

क्रिकेटर्स वेलफेयर एसोसिएशन ऑफ बांग्लादेश के अध्यक्ष मोहम्मद मिथुन ने साफ कहा कि प्रक्रिया के नाम पर खिलाड़ियों को बहलाया नहीं जा सकता। उन्होंने कहा, 'पिछली रात से हमें हर कदम पर प्रोसीजर-प्रोसीजर का हवाला दिया गया। सवाल यह है कि 48 घंटे बाद भी अगर वह डायरेक्टर बना रहता है तो क्या क्रिकेट फिर से रुकेगा?' विवाद का सीधा असर बांग्लादेश प्रीमियर लीग पर पड़ा। गुरुवार को पहले मैच के लिए खिलाड़ी मैदान में नहीं उतरे। शुक्रवार को ढाका कैपिटल्स बनाम रंगपुर राइडर्स और चटोग्राम रॉयल्स बनाम राजशाही वॉरियर्स के मैच होने थे, लेकिन समाधान न मिलने की वजह से टूनार्मेंट अस्थिर स्थिति में है।

बीसीबी ने बयान जारी कर कहा, 'खिलाड़ियों के हित हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है।' पर मैदान पर हालात अलग तस्वीर दिखा रहे हैं। इससे टूनार्मेंट को काफी आर्थिक नुकसान भी पहुंच सकता है।

### क्या खिलाड़ियों ने बॉयकॉट वापस लिया?

इसी बीच खबर आ रही है कि क्रिकेटर्स वेलफेयर एसोसिएशन ऑफ बांग्लादेश ने देर रात बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड के साथ समझौता होने के बाद गुरुवार को बांग्लादेश प्रीमियर लीग के बहिष्कार को वापस ले लिया। इसके साथ ही बीपीएल अब शुक्रवार शाम से दोबारा शुरू होगा। बीसीबी ने हाल ही में टूर्नामेंट को री शेड्यूल किया था।

## क्या अंडर-19 क्रिकेट वैभव के करियर को तबाह कर देगा? उनके टीम में चुने जाने पर उठे सवाल!

**नई दिल्ली।** डब्ल्यू.वी. रमन ने कहा कि वैभव सूर्यवंशी जैसे युवा को अंडर-19 के बजाय उच्च स्तर पर खेलने का मौका मिलना चाहिए, क्योंकि यह उनके विकास को तेज कर सकता है। जबकि चयनकर्ता इसे संरचित विकास का अहम हिस्सा मानते हैं। सूर्यवंशी की प्रतिभा और उनके करियर की दिशा को लेकर अब क्रिकेट जगत में नई बहस शुरू हो गई है।



भारत के उभरते बल्लेबाज वैभव सूर्यवंशी को लेकर एक नई बहस सामने आई है। पूर्व भारतीय क्रिकेटर डब्ल्यू.वी. रमन ने यह सवाल उठाया है कि क्या इस स्तर पर अंडर-19 क्रिकेट खेलना सूर्यवंशी के लिए फायदेमंद है या फिर यह उनके करियर की रफ्तार को कम कर सकता है।

सूर्यवंशी ने ए-सीरीज और आईपीएल में बेहद अच्छा प्रदर्शन किया है। इस स्तर पर उसे अंडर-19 में खिलाना उसकी ग्रोथ के लिए नुकसानदेह हो सकता है। वह मैच जिता सकता है, इसमें कोई शक नहीं, लेकिन हमेशा बड़ी तस्वीर देखनी चाहिए।' उनके इस बयान ने क्रिकेट फैन और विशेषज्ञों के बीच चर्चा को जन्म दे दिया है।



### रमन ने क्या कहा

रमन ने सोशल मीडिया पर लिखा कि सूर्यवंशी अब उस स्तर से आगे बढ़ चुके हैं जहां अंडर-19 क्रिकेट उनकी प्रगति को चुनौती दे सके। उनका कहना था कि इतनी उन्नत अवस्था में व-19 खेलना दीर्घकालिक विकास के लिए हानिकारक हो सकता है। रमन ने लिखा, 'यह एक अलोकप्रिय राय हो सकती है।

## मैक्सिको की इस स्टार टेनिस खिलाड़ी ने शेयर की टॉपलेस तस्वीर

**मेलबर्न।** रेनाटा जराजुआ को ऑस्ट्रेलियन ओपन से पहले तेज धूप और सोनबर्न का सामना करना पड़ा। उन्होंने सोशल मीडिया पर अपनी पीठ की फोटो डालकर लिखा- ऑस्ट्रेलिया में धूप मजाक नहीं। मैक्सिकन स्टार टेनिस खिलाड़ी अपने तीसरे ऑस्ट्रेलियन ओपन में उतरेंगी और पिछले साल की तुलना में बेहतर प्रदर्शन की कोशिश करेंगी।

ऑस्ट्रेलियन ओपन से पहले मैक्सिको की स्टार टेनिस खिलाड़ी रेनाटा जराजुआ को तेज गर्मी और धूप का बड़ा सामना करना पड़ा। 28 वर्षीय जराजुआ ने हाल ही में होबार्ट इंटरनेशनल में हिस्सा लिया था, जो साल के पहले ग्रैंड स्लैम की तैयारी का अहम टूर्नामेंट माना जाता है।

ऑस्ट्रेलियन ओपन की क्वालिफाइंग शुरू हो चुकी है जबकि मेन ड्रॉ 18 जनवरी से शुरू होगा। दुनिया की वर्ल्ड नंबर 80 खिलाड़ी ने सोशल मीडिया पर अपने सनबर्न की



एक टॉपलेस फोटो शेयर की, जिसमें उनके कंधे और पीठ तेज धूप से बुरी तरह जलती हुई नजर आ रही थीं। फोटो के साथ उन्होंने कैप्शन दिया, 'ऑस्ट्रेलिया में धूप का सामना करना कोई मजाक नहीं है।' वह सिंगल्स और डबल्स दोनों में टॉप-100 में जगह बनाने वाली पहली मैक्सिकन महिला खिलाड़ी बन चुकी हैं। उनके करियर का असली ब्रेकथ्रू पिछले साल यूएस ओपन में आया, जब उन्होंने डिफेंडिंग ऑस्ट्रेलियन ओपन चैंपियन मैडिसन कीज को हराया।

## संजीव गोयनका हुए ट्रोल, सात बार की चैंपियन मेग लैनिंग के नाम का उड़ाथा था मजाक

**मुंबई।** संजीव गोयनका एक बार फिर सोशल मीडिया पर चर्चा में हैं। मैनचेस्टर सुपर जाएंट्स की घोषणा के दौरान उन्होंने ऑस्ट्रेलिया की दिग्गज खिलाड़ी मेग लैनिंग का नाम गलत बोलकर मेग कैनिंग कहा, जिसके बाद वे बुरी तरह ट्रोल हुए। फैंस ने इसे गैर-पेशेवर बताया और टीम रीब्रांडिंग पर भी सवाल उठाए। यह गलती गोयनका की पहले से मौजूद आलोचनाओं को और बढ़ाने वाली साबित हुई।



आरपी-संजीव गोयनका ग्रुप के चेयरपर्सन संजीव गोयनका एक बार फिर सोशल मीडिया पर ट्रोल हो रहे हैं। वजह है ऑस्ट्रेलिया की महान बल्लेबाज मेग लैनिंग का नाम गलत बोलना। दरअसल, मैनचेस्टर सुपर जाएंट्स टीम के नए साइनिंग की घोषणा वाले वीडियो में गोयनका ने मेग लैनिंग को 'मेग कैनिंग' कह दिया। दिलचस्प बात यह रही कि वीडियो के सबटाइटल पर सही नाम लिखा था, लेकिन गोयनका की उच्चारण गलती साफ सुनाई दी।

गोयनका ने वीडियो में पुरुष और महिला दोनों स्क्वॉड्स का एलान किया, लेकिन महिला टीम वाले हिस्से में नाम उच्चारण को लेकर असहजता साफ दिखी।

उन्होंने न सिर्फ लैनिंग का नाम गलत लिया, बल्कि सोफी एक्लेस्टोन को बस एक अच्छा स्पिनर कहकर संबोधित किया, जबकि वह दुनिया की सर्वश्रेष्ठ स्पिनर्स में गिनी जाती हैं। गोयनका ने वीडियो में कहा, 'महिला टीम अनुभव और युवाओं का मिश्रण है। इंग्लैंड की सोफी एक्लेस्टोन, 26 वर्ष, एक अच्छी स्पिनर। मेग 'कैनिंग', जो सात वर्ल्ड कप अभियानों का हिस्सा रही हैं''। एमएसजी टीम की घोषणा के साथ ही विरोध एक और कारण से भी बढ़ा। यह था टीम के रीब्रैंडिंग को लेकर। आरपीएसजी ने मैनचेस्टर ओरिजनल्स का नाम बदलकर मैनचेस्टर सुपर जाएंट्स कर दिया और उनका सरल सा लोगो बदलकर हाथी का लोगो लगा दिया। फैंस का सवाल था कि भारत की पहचान वाला हाथी, इंग्लैंड और मैनचेस्टर से कैसे जुड़ता है? आईपीएल में भी गोयनका की आलोचना होती रही है, खासकर लखनऊ सुपर जाएंट्स टीम के संचालन और निर्णयों को लेकर। इसलिए यह गलती फैंस के बीच और ईंधन डालने जैसा काम कर गई।

## खुशी मुखर्जी पर 100 करोड़ के मानहानि का केस करने को भेजा पत्र, एसपी ने किया इनकार

**गाजीपुर।** क्रिकेटर सूर्यकुमार यादव पर अभिनेत्री द्वारा लगाए गए आरोप को लेकर नया मोड़ आ गया है। मुंबई के फैजान अंसारी का एक पत्र वायरल हो रहा है। जिसमें अभिनेत्री खुशी मुखर्जी पर 100 करोड़ के मानहानि का केस दायर करने की बात लिखी गई है।

मुंबई निवासी फैजान अंसारी का पत्र वायरल हो रहा है। इसमें वह अभिनेत्री खुशी मुखर्जी की गिरफ्तारी के लिए गाजीपुर एसपी डॉ. ईरज राजा से गिरफ्तारी की मांग कर रहे हैं। यही नहीं उन्होंने पत्र में लिखा कि क्रिकेटर सूर्य कुमार यादव पर अभिनेत्री का आरोप झूठा व बेबुनियाद है। फैजान अंसारी ने बीते 10 जनवरी को पत्र भेजा था। उधर, एसपी ने ऐसे किसी तरह के पत्र मिलने और कार्रवाई से इनकार कर दिया। हालांकि वायरल पत्र का संवाद न्यूज एजेंसी पुष्टि नहीं करता है।

वायरल पत्र में फैजान अंसारी ने अपने पत्र में लिखा है कि अभिनेत्री खुशी मुखर्जी ने भारतीय क्रिकेटर सूर्य कुमार यादव जो गाजीपुर जिले के हथौड़ा सिधौना के रहने



वाले हैं। उन पर झूठा व बेबुनियाद आरोप लगाया है कि उससे व्हाट्सएप पर बात करते थे। अंसारी का कहना है कि अपनी झूठी पब्लिसिटी के लिए इतने बड़े भारत के गौरव का नाम खराब कर रही है। यह बहुत शर्मनाक बात है, इसलिए मैं एक जिम्मेदार भारतीय नागरिक होने के नाते साथ ही भारत का गौरव सूर्य कुमार यादव की छवि खराब करने के लिए खुशी मुखर्जी पर 100 करोड़ के मानहानि का केस दायर कर रहा हूं। खुशी मुखर्जी को कोर्ट में भी घसीट रहा हूं और साथ ही साथ गाजीपुर पुलिस अधीक्षक से निवेदन है कि तत्काल खुशी मुखर्जी की गिरफ्तारी करके कम से कम 7 साल की सजा होनी चाहिए। एसपी डॉ. ईरज राजा ने बताया कि इस तरह का कोई पत्र नहीं मिला है और न ही कोई जानकारी है।

## क्या आसान प्रारूप होने की वजह से वनडे खेलते हैं कोहली

**मुंबई।** मांजरेकर के इस बयान पर सोशल मीडिया दो हिस्सों में बंट गया था। जहां कुछ लोगों ने उनके बयान का समर्थन किया था, वहीं कई पूर्व क्रिकेटर समेत फैंस ने मांजरेकर की जमकर आलोचना की थी।

भारत के पूर्व स्पिनर हरभजन सिंह ने संजय मांजरेकर पर निशाना साधा है। उन्होंने मांजरेकर के उन दावों पर बात की है जिसमें उन्होंने कहा था कि विराट कोहली सिर्फ वनडे में इसलिए खेल रहे हैं क्योंकि यह टेस्ट की तुलना में आसान प्रारूप है, जबकि उनके समकक्ष (जो रूट, केन विलियम्सन और स्टीव स्मिथ) टेस्ट में अपनी धाक जमाने में लगे हैं।

मांजरेकर के इस बयान पर सोशल मीडिया दो हिस्सों में बंट गया था। जहां कुछ लोगों ने उनके बयान का समर्थन किया था, वहीं कई पूर्व क्रिकेटर समेत फैंस ने मांजरेकर की जमकर आलोचना की थी। अब इस मामले में हरभजन सिंह भी कूद पड़े हैं और उन्होंने विराट कोहली का समर्थन किया है।

### संजय मांजरेकर ने कोहली को लेकर छेड़ी बहस

हाल ही में संजय मांजरेकर ने एक बहस छेड़ दी, जब उन्होंने कहा कि विराट कोहली

### हरभजन ने मांजरेकर के दावे की खोली पोल



ने टॉप-ऑर्डर बल्लेबाज के लिए सबसे आसान फॉर्मेट चुना। अपने इंस्टाग्राम पर पोस्ट किए गए एक वीडियो में मांजरेकर ने कहा, 'अगर विराट कोहली क्रिकेट से ही संन्यास ले लेते, सभी फॉर्मेट से, तो ठीक था, लेकिन उन्होंने वनडे क्रिकेट खेलना चुना, इस बात ने मुझे और ज्यादा निराश किया, क्योंकि यह फॉर्मेट टॉप-ऑर्डर बैटर के लिए सबसे आसान है। असली परीक्षा टेस्ट क्रिकेट में होती है और टी20 क्रिकेट में अलग तरह की चुनौतियां हैं।'

हरभजन सिंह ने मांजरेकर के तर्क को खारिज किया


हालांकि हरभजन सिंह ने इस तर्क को पूरी तरह खारिज कर दिया और जोर देकर कहा कि इंटरनेशनल क्रिकेट में सफलता को फॉर्मेट के आधार पर नहीं बांटा जा सकता। एक कार्यक्रम के दौरान, जैसा कि स्पोर्टस्टार ने रिपोर्ट किया, पूर्व ऑफ-स्पिनर ने कहा कि ध्यान प्रदर्शन और प्रभाव पर होना चाहिए, न कि फॉर्मेट पर। हरभजन ने कहा, 'अगर किसी भी फॉर्मेट में रन बनाना इतना आसान होता, तो हर कोई बना लेता। हमें बस इस बात का आनंद लेना चाहिए कि खिलाड़ी क्या कर रहे हैं। वे अच्छा खेल रहे हैं, मैच जिता रहे हैं, रन बना रहे हैं, विकेट ले रहे हैं, बस वही मायने रखता है। यह कोई फर्क नहीं पड़ता कि कौन सा खिलाड़ी कौन सा फॉर्मेट खेलता है। विराट एक फॉर्मेट खेले या सभी खेलें, वे भारत के लिए बड़े मैच विनर रहे हैं।'

### 'कोहली आंकड़ों से आगे जाकर प्रेरित करते हैं'

हरभजन सिंह ने यह भी कहा कि कोहली का प्रभाव सिर्फ आंकड़ों तक सीमित नहीं है, बल्कि वे भारतीय क्रिकेट की नई पीढ़ी को प्रेरित करते हैं। उन्होंने आगे कहा, 'ये खिलाड़ी अगली पीढ़ी को प्रेरित करते हैं। मांजरेकर की अपनी सोच है। मेरे नजरिए से विराट और ऐसे खिलाड़ी इस खेल को आगे ले जाने में बड़ी भूमिका निभा चुके हैं।'

### कोहली का टेस्ट संन्यास और वर्तमान फॉर्म

विराट कोहली पिछले साल टेस्ट क्रिकेट से संन्यास ले चुके हैं। उन्होंने टेस्ट में शानदार करियर के साथ 29 शतक जमाए और विदेशों में कई अहम जीत दिलाईं। टेस्ट के बाद भी वे वनडे में बेहतरीन प्रदर्शन कर रहे हैं और 2027 वनडे वर्ल्ड कप तक भारत के लिए खेलने की इच्छा व्यक्त कर चुके हैं।




# नमो भारत नोएडा एयरपोर्ट को फरीदाबाद और गुरुग्राम से जोड़ेगा

- केंद्रीय शहरी विकास मंत्रालय को हरी झंडी के लिए भेजा नया प्लान
- गाजियाबाद के मेरठ मोड़ से गौड़ सिटी, परी चौक होते हुए नोएडा एयरपोर्ट तक जाएगी रैपिड रेल






**नोएडा।** अब हाई स्पीड नमो भारत (रीजनल रैपिड ट्रांजिट सिस्टम) ट्रेन को नोएडा अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे से यमुना सिटी, ग्रेटर नोएडा, सूरजपुर, गौड़ सिटी और गाजियाबाद होते हुए दिल्ली, फरीदाबाद और गुरुग्राम तक चलाने की तैयारी है। इससे नोएडा एयरपोर्ट पूरे दिल्ली-एनसीआर से जुड़ जाएगा। यमुना प्राधिकरण ने एयरपोर्ट से गाजियाबाद तक करीब 72.44 किमी के रैपिड ट्रांजिट सिस्टम की नई डीपीआर केंद्रीय शहरी विकास मंत्रालय को भेज दी है।

प्रस्ताव में नोएडा हवाई अड्डे से गाजियाबाद तक एलिवेटेड ट्रैक बनाने का प्लान है। गाजियाबाद के मेरठ मोड़ के मौजूदा स्टेशन से इसे जोड़ते हुए सिद्धार्थ विहार से ग्रेनो नोएडा वेस्ट के चार मूर्ति चौक, नॉलेज पार्क-5, पुलिस लाइन, सूरजपुर, अल्फा-1 से यमुना सिटी के सेक्टर-18 व 21 होते हुए एयरपोर्ट तक जोड़ने की योजना है। इसमें नोएडा एयरपोर्ट पर 1.1 किमी ट्रैक अंडरग्राउंड बनेगा। पूरे रूट में 22 स्टेशन बनेंगे।

इसमें 11 नमो भारत व 11 स्टेशन मेट्रो के लिए होंगे। नई डीपीआर के अनुसार इसकी लागत 20,360.25 करोड़ रुपये आने का अनुमान है। परियोजना पांच वर्ष में पूरी होगी।

### सूरजपुर में बनेगा नमो भारत का जंक्शन मिलेंगे दो रूट

गाजियाबाद से नोएडा एयरपोर्ट के लिए प्रस्तावित कॉरिडोर नमो भारत ट्रेन के माध्यम से गुरुग्राम-फरीदाबाद-नोएडा कॉरिडोर से सूरजपुर में मिलेगा। हरियाणा सरकार ने गुरुग्राम-फरीदाबाद-नोएडा तक आरआरटीएस कॉरिडोर प्रस्तावित किया है। सूरजपुर में नमो भारत का जंक्शन बनेगा। इससे एयरपोर्ट दिल्ली, गाजियाबाद, मेरठ, गुरुग्राम समेत फरीदाबाद से जुड़ जाएगा।

### पहले सराय काले खां से जोड़ने का था प्रस्ताव

नेशनल कैपिटल रीजन ट्रांसपोर्ट कॉरपोरेशन (एनसीआरटीसी) ने गाजियाबाद के मेरठ मोड़ से नोएडा एयरपोर्ट तक नमो भारत ट्रेन चलाने का सुझाव दिया है। कुछ दिन पूर्व दिल्ली के सराय काले खां से नोएडा एयरपोर्ट तक नए कॉरिडोर के का प्रस्ताव दिया गया था जो पास नहीं हुआ। अब दिल्ली-मेरठ कॉरिडोर में गाजियाबाद से एयरपोर्ट को जोड़ने की परियोजना तैयार की गइ है।

### कहां-कहां से जुड़ेगी नमो भारत

- नए प्रस्ताव के मुताबिक नमो भारत ट्रेन चार मूर्ति चौक पर एक्वा लाइन मेट्रो से मिलेगी। वर्तमान में एक्वा लाइन मेट्रो सेक्टर-51 से चार मूर्ति गोल चक्कर होते हुए नॉलेज पार्क-5 तक जाएगी। यहां से मेट्रो नमो भारत के कॉरिडोर में चल सकेगी। अब अलग से चार मूर्ति चौक से नॉलेज पार्क-5 तक मेट्रो नहीं चलानी पड़ेगी।
- फिल्म सिटी से एयरपोर्ट तक प्रस्तावित 14.6 किमी लाइट मेट्रो कॉरिडोर को भी इस तरह डिजाइन किया जाएगा कि उसमें लाइट मेट्रो चलाई जा सके। इससे अतिरिक्त खर्च बच सकेगा।

# स्वामी विवेकानंद जयंती पर एबीवीपी का युवा उत्सव: शंभू दयाल कॉलेज में मुफ्त चिकित्सा जांच शिविर

## नशा मुक्त और स्वस्थ युवा ही सशक्त राष्ट्र की नींव






**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद गाजियाबाद महानगर द्वारा स्वामी विवेकानंद जयंती के उपलक्ष्य में 15 दिवसीय पखवाड़ा युवा उत्सव का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में शंभू दयाल डिग्री कॉलेज परिसर में मुफ्त चिकित्सा जांच शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का विधिवत शुभारंभ मुख्य वक्ता संदीप कुमार, कार्यक्रम अध्यक्ष डॉ. रोचना मित्तल एवं इकाई अध्यक्ष अनिल नागर द्वारा स्वामी विवेकानंद एवं माता सरस्वती के चित्र पर दीप प्रज्वलन कर किया गया।

शिविर के दौरान विद्यार्थियों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया तथा विचार संगोष्ठी का भी आयोजन हुआ। मुख्य वक्ता संदीप कुमार ने स्वामी विवेकानंद के जीवन और उनके विचारों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि आज देश का युवा नशे की गिरफ्त में आकर स्वयं को कमजोर बना रहा है, जो राष्ट्र के भविष्य के लिए गंभीर चिंता का विषय है। उन्होंने कहा कि जब युवा सशक्त होगा तभी देश प्रगति करेगा। डॉ. रोचना मित्तल ने स्वामी विवेकानंद के जीवन मूल्यों को साझा करते हुए कहा कि जीवन अनमोल है, इसे नशा और गलत दिशा में नष्ट न करें। उन्होंने युवाओं से अपने परिवार और देश के प्रति जिम्मेदारी निभाने तथा ईमानदारी से अपने कर्तव्यों का पालन करने का आह्वान किया। इकाई अध्यक्ष अनिल नागर ने कहा कि नशा वह रोग है जो युवाओं को उनके लक्ष्य और मार्ग से भटका रहा है, इससे बचकर ही राष्ट्र निर्माण संभव है।

कार्यक्रम में प्रांत संगठन मंत्री अनुज श्रीवास्तव, प्रांत मीडिया संयोजक तनिक सिसोदिया, महानगर मंत्री तुषार बैसला, महानगर मीडिया संयोजक नितिन झा, इकाई अध्यक्ष आकाश बैसला सहित बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

# मकर संक्रांति के पावन महापर्व पर मित्तल आवास पर खिचड़ी वितरण कार्यक्रम किया गया



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** बलराम नगर दिल्ली सहारनपुर रोड पर स्थित अग्रवाल सेवा समिति के अध्यक्ष विनोद मित्तल के आवास पर मकर संक्रांति के पावन महापर्व के उपलक्ष में खिचड़ी के भंडारे का आयोजन किया गया। हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी मकर संक्रांति महापर्व के अवसर पर विनोद मित्तल द्वारा खिचड़ी का भंडारा किया गया।

इस दौरान काफी संख्या में राहगीर नागरिकों ने खिचड़ी का प्रसाद ग्रहण किया। इस अवसर पर मित्तल ने कहा मकर संक्रांति का महापर्व सिर्फ एक त्यौहार नहीं बल्कि समाज को जोड़ने और सेवा करने का संदेश देता है। ऐसे आयोजन आपसी भाईचारे को मजबूत करते हैं और जरूरतमंद एवं गरीब वर्ग को राहत पहुंचाते है। सभी ने आयोजन की सराहना करते हुए ऐसे कार्यक्रम समाज के लिए प्रेरणादायक बताया। इस मौके पर राजेश गर्ग, व्यापार मंडल अध्यक्ष रतन सिंह भाटी, महासचिव अरविंद गोयल, रामावतार गोयल, आरसी अग्रवाल, सुरेंद्र गुप्ता, एडवोकेट राकेश गुप्ता, अमित गर्ग, रूचिन गुप्ता, वरिष्ठ पत्रकार प्रमोद गर्ग, पत्रकार बबलू गर्ग, पत्रकार विनीत महेश्वरी, पत्रकार मदनलाल, विष्णु गुप्ता, बाल किशन गोयल, अनिल गर्ग, निजय मित्तल, अंकुर शर्मा, हरिओम गुप्ता, विनोद गुप्ता, केके गर्ग, विजय गोयल, परशुराम नगर मंडल अध्यक्ष जितेंद्र गुप्ता, विकास गर्ग, अभिषेक गर्ग, मनीष मित्तल, मुकुल गोयल, सभासद सत्येंद्र बंसल, सभासद अंकुश जैन, अमित मित्तल, राजेश सोम, अंकुर मित्तल, अमित जैन, दीपक उर्फ कंटू जैन आदि काफी संख्या में क्षेत्र के गण माननीय व्यक्ति उपस्थित रहे।

# कांग्रेस जिला इकाई ने किया दो जगह पर मनरेगा चौपाल का आयोजन



**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** कांग्रेस जिला कमेटी की ओर से डासना देहात के कल्लूगढ़ में मनरेगा चौपाल का आयोजन किया गया । चौपाल में कांग्रेस जिला अध्यक्ष सतीश शर्मा ने कहा कि गरीब मजदूरों की आर्थिक दशा बिगाड़ने के लिए ही भाजपा ने मनरेगा में बदलाव किया है । कांग्रेस इसके खिलाफ मुहिम चला रही है। की बीजेपी कि इस साजिश को कांग्रेस कभी कामयाब होने नहीं देगी। रोजगार का अधिकार मनरेगा के तहत यह कानून है ना कि कोई आर्थिक योजना। इस कानून को बदलना आसान ही नहीं है असंभव है। साथ में ब्लॉक अध्यक्ष शिवदत्त अधाना, जिला सचिव इरफान अली, तथा समय दिन, मंडल अध्यक्ष सरफराज, दूसरे मंडल अध्यक्ष इमरान मेवाती, असगर तेली, मंडल के अध्यक्ष आबिद अली हकीकत अली आदि उपस्थित थे। इसके पश्चात दूसरा कार्यक्रम ब्लॉक राजापुर के ग्राम जलालाबाद में आयोजित किया गया। जिलाध्यक्ष ने मतदाता पुनरीक्षण अभियान के द्वारा विरोधी दलों के समर्थकों को मतदाता सूची से गायब करने का आरोप लगाया। कार्यकताओं से लोगों से संवाद स्थापित कर मतदाताओं के नाम जुड़वाने और मनरेगा मजदूर को न्याय दिलाने के लिए संघर्ष करने का आह्वान किया। इस अवसर पर ब्लॉक कांग्रेस के अध्यक्ष शिवदत्त अधाना, कार्यक्रम संयोजक बृजकांत शर्मा, ब्लॉक उपाध्यक्ष विनय चौधरी, जिला सचिव इरफान अहमद, मंडल अध्यक्ष आबिद अली गंगाधर शर्मा, आशुतोष गुप्ता मीडिया प्रभारी आदि उपस्थित थे ।




## 12 करोड़ की ठगी करने वाला चाइनीज साइबर ठग गिरोह का सदस्य तेलंगाना से गिरफ्तार



**नोएडा (करंट क्राइम)।** थाना साइबर क्राइम पुलिस ने शेयर मार्केट में निवेश कर दुगुना लाभ कमाने के नाम पर 12 करोड रूपए की धोखाधड़ी व ठगी करने वाले चाइनीज साइबर ठगों से जुड़े एक अभियुक्त को हैदराबाद, तेलंगाना से गिरफ्तार किया है। डीसीपी साइबर क्राइम शैव्या गोयल ने बताया कि नोएडा में रहने वाले एक शख्स ने थाना साइबर क्राइम में 3 अगस्त 2025 को मुकदमा दर्ज कराया था कि कुछ लोगों ने शेयर मार्केट में निवेश कर लाभ कमाने के नाम पर 35 करोड़ रुपये का मुनाफा दिखाकर 12 करोड़ रुपये की धोखाधड़ी की है। 12 करोड़ रुपये की धोखाधड़ी व ठगी करने वाले चीनी (चाइनीज) गिरोह से जुड़े 1 अभियुक्त राजकुमार कुमावत पुत्र कमुतम नागैया को हैदराबाद, तेलंगाना से गिरफ्तार किया गया। उन्होंने बताया कि अभियुक्त के कब्जे से घटना में प्रयुक्त 1 मोबाइल फोन बरामद किया गया है।

# छात्रों ने पढ़ा सड़क सुरक्षा का पाठ



**नोएडा।** गौतमबुद्ध नगर में सड़क सुरक्षा के प्रति जन-जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से शुक्रवार को सेक्टर-51 स्थित राजकीय बालिका इंटर कॉलेज, होशियारपुर में जनपद स्तरीय सड़क सुरक्षा कार्यक्रम हुआ। इसमें परिवहन विभाग ने भी सहयोग किया। इसमें भाषण, चित्रकला, नुक्कड़ नाटक और लघु नाटक जैसी प्रतियोगिताएं हुईं।

कार्यक्रम की शुरूआत सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी डॉ. उदित नारायण पांडे और विद्यालय की प्रधानाचार्य दीपा भाटी ने किया। प्रधानाचार्य ने छात्राओं को सड़क सुरक्षा नियमों की जानकारी दी।

### 70 से ज्यादा छात्रों ने लिया हिस्सा

प्रतियोगिताओं में जिले के 50 से अधिक विद्यालयों के 70 से ज्यादा छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। भाषण, चित्रकला और नुक्कड़ नाटक प्रतियोगिता में डीपीएस नोएडा के छात्र-छात्राओं ने प्रथम स्थान प्राप्त किया, जबकि लघु नाटिका प्रतियोगिता में राजकीय बालिका इंटर कॉलेज, होशियारपुर की छात्राओं ने द्वितीय स्थान हासिल किया। कार्यक्रम के अंत में सभी प्रतिभागियों को परिवहन विभाग की ओर से प्रमाण पत्र प्रदान किए गए। डॉ. उदित नारायण पांडे ने छात्र-छात्राओं से सड़क सुरक्षा नियमों का स्वयं पालन करने और समाज को जागरूक करने का आह्वान किया।

# ग्राम भिक्कनपुर में पशु स्वास्थ्य शिविर का हुआ आयोजन



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** पशुपालकों के द्वार पर आधुनिक एवं वैज्ञानिक पशु स्वास्थ्य सेवाएँ उपलब्ध कराने के उद्देश्य से सरदार वल्लभभाई पटेल कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय, मेरठ तथा पशुपालन विभाग के संयुक्त तत्वावधान में, इफको टोकियो जनरल इंश्योरेंस लिमिटेड के वित्तीय सहयोग से जनपद गाजियाबाद के ग्राम भिक्कनपुर में पशु स्वास्थ्य एवं बाँझपन निवारण शिविर का आयोजन किया गया।

शिविर का उद्घाटन राष्ट्रीय लोकदल के अजय प्रमुख द्वारा किया गया। कार्यक्रम का मार्गदर्शन विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. के.के. सिंह के निर्देशन में संपन्न हुआ। इस अवसर पर डॉ. एस.पी. पाण्डेय ने पशुपालकों को संबोधित करते हुए कहा कि ठंड के मौसम में पशुओं को हवादार लेकिन ठंडी हवा से सुरक्षित स्थान पर रखना चाहिए। उन्होंने सूखी एवं स्वच्छ बिछावन की व्यवस्था करने तथा रात्रि के समय बोरे, टाट अथवा पॉलिथीन की परत का उपयोग कर पशुओं को ठंड से बचाने की सलाह दी।

परियोजना प्रभारी डॉ. अमित वर्मा ने बताया कि शीत ऋतु में पशुओं में पाचन संबंधी समस्याएँ, भूख में कमी तथा दुग्ध उत्पादन में गिरावट देखने को मिलती है। उन्होंने पशुपालकों को सुझाव दिया कि पशुओं को गुनगुना पानी पिलाएँ और आहार में प्रतिदिन 200 से 300 ग्राम गुड़ अथवा 50 से 100 ग्राम सरसों का तेल अवश्य शामिल करें, जिससे पशु स्वस्थ रहें और उत्पादन क्षमता प्रभावित न हो।

शिविर में विशेषज्ञ पशु चिकित्सकों डॉ. अमित वर्मा, डॉ. प्रेम सागर मौर्या, डॉ. अरविंद सिंह, डॉ. अजीत कुमार सिंह, डॉ. अखिल पटेल, डॉ. राहुल चौधरी, डॉ. शक्ति प्रताप एवं डॉ. शुभम चौधरी द्वारा लगभग 150 पशुओं की स्वास्थ्य जांच की गई तथा आवश्यकतानुसार निःशुल्क दवाओं का वितरण किया गया।

शिविर के सफल आयोजन में पशु चिकित्साधिकारी डॉ. राहुल चौधरी, ग्राम प्रधान अरविंद सिंह, जयवीर सिंह, महावीर सिंह, सुमित त्यागी, विनय चौधरी, संदीप चौधरी, चंद्रपाल सिंह एवं पशुधन प्रसार अधिकारी अरविंद कुमार का विशेष सहयोग रहा।

# रांची से लापता दो बच्चों की तलाश में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की अपील



**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, गाजियाबाद द्वारा जारी पत्र में दिए गए निदेशों के क्रम में अवगत कराया जाता है कि धुर्वा थाना क्षेत्र के मौसीबाड़ी, जगन्नाथपुर खटाल, रांची (झारखण्ड) निवासी सुनील कुमार के दो बच्चे – अंश (उम्र 05 वर्ष) एवं अंशिका (उम्र 04 वर्ष) – दिनांक 02 जनवरी 2026 से लापता हैं।

बच्चों की तलाश के लिए संबंधित स्तर पर प्रयास किए जा रहे हैं। इस संबंध में आमजन से सहयोग की अपील की गई है। यदि किसी व्यक्ति को बच्चों के बारे में किसी भी प्रकार की जानकारी प्राप्त हो, तो कृपया जिला प्रशासन, पुलिस, न्यायालय अथवा जिला सूचना कार्यालय को तत्काल सूचित करने का कष्ट करें।




गाजियाबाद (करंट क्राइम)। पूर्व पार्षद मनोज गोयल के जन्मदिन पर उन्हें भाजपा के पार्षद राजकुमार भाटी और पार्षद भूपेंद्र उपाध्याय ने जन्मदिन की शुभकामनाएं दी। भूपेंद्र उपाध्याय और राजकुमार भाटी ने मनोज गोयल की लंबी आयु उत्तम स्वास्थ्य तथा यशस्वी जीवन की कामना करते हुए उन्हें बधाई थी। जन्मदिन की यह पोस्ट बनी करंट क्राइम पोस्ट ऑफ द डे।

# मकर संक्रांति पर भव्य एवं विशाल भंडारे का आयोजन





**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** हर वर्ष की भाँति इस वर्ष भी मकर संक्रांति के अवसर पर एक भव्य एवं विशाल भंडारे का सफल आयोजन किया गया। इस पुनीत कार्य का आयोजन मुख्य रूप से सहयोग ट्रस्ट की चेयरमैन निशि त्यागी एवं डायरेक्टर नवीन त्यागी के नेतृत्व में सेक्टर 2बी, वसुंधरा मेन रोड पर किया गया।

इस आयोजन में प्रमुख रूप से उपस्थित अतिथियों में महानगर महामंत्री पप्पू पहलवान, वार्ड संख्या 54 के पार्षद सत्येंद्र चौधरी, निवर्तमान वसुंधरा मंडल अध्यक्ष अनिल शर्मा, महानगर मंत्री संजीव झा, महानगर मीडिया प्रभारी अनुराग मिश्रा, गाजियाबाद जिला महिला मोर्चा की निवर्तमान अध्यक्ष बहन डॉ. उदिता त्यागी, भाजपा वरिष्ठ नेता हरीश मल्होत्रा, त्यागी ब्राह्मण भूमिहार समाज के जिला अध्यक्ष भाई हरि ओम त्यागी (अपनी टीम सहित), मुकेश, डॉ. कार्तिक शर्मा, वर्तमान महानगर महिला मोर्चा संयोजक बड़ी बहन अनीता शर्मा उपस्थित रहीं।

इसके अतिरिक्त भाजपा की वरिष्ठ नेत्रियों में कादम्बरी कौशिक, प्रीति चंद्रा राय, अमृता चौधरी एवं पुष्पा सक्सेना की गरिमामयी उपस्थिति रही।

कार्यक्रम में उपस्थित अन्य स्थानीय गणमान्य व्यक्ति एवं वरिष्ठ कार्यकताओं में दीप्ति अरोड़ा, पलक गुप्ता, ममता त्यागी, गीता त्यागी (ब्राह्मण भूमिहार समाज की महिला अध्यक्ष), बबीता मित्तल, सीता वर्मा, प्रीति मेहरा, पूनम सिंह, आशा, पूनम पाण्डेय, सुधा शुक्ला, मोनिका गुप्ता, पूनम, बलराम त्यागी, संजीव सारंग, तथा पुनीत पियूष भट्ट सहित सैकड़ों की संख्या में श्रद्धालु एवं आमजन उपस्थित रहे। सभी उपस्थित जनों ने श्रद्धापूर्वक प्रसाद ग्रहण कर इस धार्मिक एवं सामाजिक आयोजन की शोभा बढ़ाई तथा इसे सफल बनाया।

# पुलिस ने चोरी के सामान के साथ तीन चोर किए गिरफ्तार भेजा जेल




**लोनी, करंट क्राइम।** बार्डर पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर तीन माह पूर्व बंद पडे मकान में हुई चोरी का खुलासा कर तीन चोरों को चोरी के सामान के साथ गिरफ्तार कर जेल भेजा है। एसीपी ज्ञानप्रकाश राय ने बताया कि सोनू सिटी सेवाधाम कॉलोनी में बंद पड़े मकान का ताला तोड़कर चोरों ने चोरी की घटना को अंजाम दिया।

उस समय मकान मालिक परिवार के साथ किसी समारोह में शामिल होने गया था जब वह घर वापस लौटा तो उसे घटना का पता चला मकान मालिक ने बार्डर थाने पहुंचकर पुलिस को जानकारी दी पुलिस ने वादी की तहरीर के मुताबिक रिपोर्ट दर्ज कर चोरों की तलाश शुरू कर दी 15 जनबरी को मुखबिर ने सूच्रना दी कि तीन संदिग्ध व्यक्ति सेवाधाम इलाके में कुछ अप्रिय घटना को अंजाम देने के फिराक में हैं पुलिस ने तत्काल प्रभाव से टीम गठित कर बताए गए स्थान पर पहुंची और घेराबंदी कर तीनों को धर दबोचा। पूछतांछ में चोरों ने चोरी की घटना को स्वीकार किया तथा चोरी किया गया 1- मोबाइल फोन 3- जोडी पाजेव सफेद धातु 2- कडे सफेद धातु 2- लौंग पीली धातु का बरामद कराया।

चोरों ने अपने नाम आदिल, राहुल उर्फ लोकड़ी, मोनू बताए तथा निवासीगण फरूखनगर भौपुरा बताया पुलिस ने बैधानिक कार्रवाई शुक्रवार को तीनों चोरों को जेल भेज दिया है। तीनों के विरुध विभिन्न थानों में चोरी के मुकदमें दर्ज हैं।

# ईरान संकट खत्म करने की कवायद तेज ? नेतन्याहू से चर्चा कर पुतिन ने ईरानी राष्ट्रपति को मिलाया फोन

**मास्को।** मध्य पूर्व में बढ़ते तनाव के बीच रूस ने कूटनीतिक पहल तेज कर दी है। रूस के राष्ट्रपति पुतिन ने पहले इस्राइल के प्रधानमंत्री नेतन्याहू से फोन पर बातचीत की और इसके तुरंत बाद ईरान के राष्ट्रपति से संपर्क साधा। क्रेमलिन के मुताबिक, पुतिन क्षेत्र में तनाव घटाने और स्थिरता बहाल करने के लिए राजनीतिक और कूटनीतिक प्रयासों के पक्ष में हैं।

रूस का कहना है कि पुतिन मध्य पूर्व और ईरान से जुड़े हालात में तनाव कम करने के लिए सक्रिय रहेंगे। क्रेमलिन के प्रवक्ता दिमित्री पेस्कोव ने बताया कि पुतिन क्षेत्रीय हालात को शांत करने की दिशा में प्रयास जारी रखेंगे। इससे पहले पुतिन ने नेतन्याहू से बातचीत में रूस की मध्यस्थता की पेशकश भी रखी और कहा कि सुरक्षा व स्थिरता के लिए राजनीतिक रास्ता ही बेहतर विकल्प है।



### नेतन्याहू से बातचीत में क्या कहा गया?

नेतन्याहू से फोन पर बातचीत में पुतिन ने मध्य पूर्व और ईरान की स्थिति पर विस्तार से चर्चा की। क्रेमलिन के अनुसार, पुतिन ने स्पष्ट किया कि रूस क्षेत्रीय सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए कूटनीतिक प्रयासों को तेज करने के पक्ष में है। उन्होंने यह भी कहा कि किसी भी तरह के सैन्य टकराव से बचना सभी पक्षों के हित में होगा।

पुतिन का ईरानी राष्ट्रपति से फोन पर संवाद इस बात का संकेत है कि रूस दोनों पक्षों ईरान और इस्राइल से सीधे बात कर रहा है। इसका उद्देश्य संवाद के जरिए गलतफहमियां कम करना और टकराव की आशंका को घटाना है। रूस का मानना है कि क्षेत्रीय स्थिरता के लिए सभी पक्षों को बातचीत की मेज पर लाना जरूरी है।

### इस पहल के बड़े मायने क्या हैं?


रूस ने मध्यस्थ की भूमिका निभाने की पेशकश की।
राजनीतिक और कूटनीतिक समाधान पर जोर दिया गया।
क्षेत्रीय सुरक्षा और स्थिरता को प्राथमिकता बताया गया।
सैन्य तनाव से बचने का स्पष्ट संदेश दिया गया।
दोनों पक्षों से सीधे संवाद कायम किया गया।

# क्या हमास समर्थक खलील पर अमेरिकी नकेल?

## ट्रंप प्रशासन बोला- अदालत का फैसला बड़ी जीत

**वाशिंगटन।** अमेरिका की थर्ड सर्किट कोर्ट ऑफ अपील्स के फैसले ने फलस्तीनी समर्थक कार्यकर्ता महमूद खलील के मामले को एक बार फिर सियासी और कानूनी बहस के केंद्र में लाकर खड़ा किया है। अपीलीय अदालत ने महमूद की रिहाई के आदेश को रद्द करते हुए ट्रंप प्रशासन को बड़ी राहत दी है। कोर्ट ने दो के मुकाबले एक के बहुमत से निचली अदालत के आदेश को रद्द कर दिया है। इस फैसले को एक तरफ जहां ट्रंप प्रशासन ने अपनी जीत बताया है। वहीं दूसरी ओर नागरिक अधिकार संगठनों और मानवाधिकार कार्यकताओं ने इसे अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता पर गंभीर आघात करार दिया है।

अपीलीय अदालत ने कहा कि जिस फेडरल कोर्ट ने खलील की रिहाई का आदेश दिया था, उसके पास इस मामले की सुनवाई का अधिकार ही नहीं था। अदालत के अनुसार, इमिग्रेशन और डिपोर्टेशन से जुड़े मामलों में अधिकार क्षेत्र केवल इमिग्रेशन कोर्ट के पास होता है, जैसा कि इमिग्रेशन एंड नेशनलिटी एक्ट में स्पष्ट किया गया है।



### अमेरिकी विदेश मंत्रालय ने बताया बड़ी जीत

इस फैसले के बाद अमेरिकी विदेश मंत्रालय ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर बयान जारी करते हुए कहा कि यह ट्रंप प्रशासन की एक बड़ी जीत है और अमेरिका अपनी राष्ट्रीय सुरक्षा से समझौता नहीं करेगा। सरकार ने यह भी स्पष्ट किया कि वह आतंकवादी संगठनों के समर्थकों को देश के भीतर किसी भी तरह की गतिविधियों की अनुमति नहीं देगी।

अपील कोर्ट के फैसले से अब यह रास्ता खुल गया है कि इमिग्रेशन अधिकारी महमूद खलील को दोबारा हिरासत में ले सकते हैं, हालांकि यह आदेश तुरंत प्रभाव से लागू नहीं होगा। खलील ने स्पष्ट किया है कि वे इस फैसले को अंतिम नहीं मानते और आगे कानूनी लड़ाई जारी रखेंगे। उन्होंने कहा कि यह निर्णय निराशाजनक है, लेकिन इससे उनका संघर्ष कमजोर नहीं पड़ेगा और वे न्याय और अपने अधिकारों की रक्षा के लिए हर संभव कानूनी रास्ता अपनाएंगे।

गौरतलब है कि महमूद खलील का जन्म सीरिया में हुआ था और वे अल्जीरिया के नागरिक हैं। वे अमेरिका के कानूनी स्थायी निवासी हैं और एक अमेरिकी नागरिक से विवाह कर चुके हैं। न्यूयॉर्क की कोलंबिया यूनिवर्सिटी में स्नातकोत्तर की पढ़ाई के दौरान उन्हें इमिग्रेशन अधिकारियों ने हिरासत में लिया था। उनपर आरोप है कि उन्होंने फलस्तीन और गाजा के समर्थन में प्रदर्शन किए और इस्राइल की आलोचना की। ट्रंप प्रशासन के दौरान ऐसे कई विदेशी छात्रों को निशाना बनाया गया, जिन पर सरकार ने राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए खतरा होने का दावा किया। खलील ने अपनी गिरफ्तारी को राजनीतिक बदले की कार्रवाई बताया है। उनका कहना है कि उन्हें सिर्फ अपने विचार व्यक्त करने की वजह से हिरासत में लिया गया।

### जज ने बहुमत के फैसले से जताई असहमति

इस मामले में एक जज ने बहुमत के फैसले से असहमति जताई। असहमति जताने वाली जज ने कहा कि इमिग्रेशन कोर्ट के पास संवैधानिक अधिकारों से जुड़े मामलों की पूरी तरह सुनवाई करने की क्षमता नहीं है। उन्होंने यह भी माना कि खलील ने अपनी हिरासत के दौरान गंभीर और अपूरणीय नुकसान झेला है, जिसे नजरअंदाज नहीं किया जा सकता।

### न्यूयॉर्क के मेयर ने फैसले से जताई चिंता

यॉर्क के मेयर जोहरान ममदानी ने भी कोर्ट के इस फैसले पर चिंता जाहिर करते हुए कहा कि महमूद खलील की गिरफ्तारी राजनीतिक दमन का उदाहरण है और उन्हें स्वतंत्र रहना चाहिए। नागरिक स्वतंत्रता संगठनों का कहना है कि यह फैसला फेडरल अदालतों की भूमिका को कमजोर करता है और सरकार को असहमति की आवाजों को दबाने का अधिक अधिकार देता है। दूसरी ओर कानूनी विशेषज्ञों का मानना है कि खलील की कानूनी टीम अब पूरे थर्ड सर्किट कोर्ट में पुनर्विचार की मांग कर सकती है और इसके बाद मामला सुप्रीम कोर्ट तक भी पहुंच सकता है।

## बांग्लादेश में नहीं थम रहे अल्पसंख्यकों पर हमले

# सिलहट में हिंदू शिक्षक के घर में लगाई आग

**ढाका।** बांग्लादेश में हिंदू अल्पसंख्यकों पर हमले की घटनाएं नहीं थम रही हैं और कट्टरपंथी खुलेआम हिंदुओं को निशाना बना रहे हैं। ताजा मामले में एक हिंदू शिक्षक के घर में आग लगा दी गई। घटना बांग्लादेश के सिलहट जिले के गोवाइनघाट इलाके की है। जहां शिक्षक बिरेंद्र कुमार के घर को आग के हवाले कर दिया गया।



### घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ

घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर सामने आया है। हालांकि गनीमत रही की इस घटना में कोई हताहत नहीं हुआ। घटना के बाद पीड़ित परिवार और स्थानीय हिंदू समुदाय बेहद डरा हुआ है। वीडियो में दिख रहा है कि आग लगने पर शिक्षका परिवार बाहर निकलने की कोशिश कर रहा है। अभी तक साफ नहीं हो सका है कि आग किसने लगाई और क्यों लगाई? मीडिया रिपोट्र्स में दावा किया जा रहा है कट्टरपंथियों ने ही हिंदू शिक्षक के घर आग लगाई।

बीते दिसंबर माह में भी चटगांव में कट्टरपंथियों ने घरों के दरवाजे बाहर से बंद करके दो हिंदू परिवारों के घरों में आग लगा दी। इस घटना में दोनों परिवारों के लोग बाल-बाल बचे थे।

इस हफ्ते की शुरूआत में ही बांग्लादेश के फेनी जिले में एक अन्य हिंदू व्यक्ति की चाकू घोंपकर हत्या कर दी गई थी। पीड़ित युवक एक ऑटो रिक्शा चालक था, जिसकी पहचान समीर दास के रूप में हुई थी। पुलिस ने उसका शव एक खेत से बरामद किया था। बांग्लादेश में शेख हसीना की सरकार के सत्ता से बेदखल होने और मोहम्मद यूनुस सरकार के सत्ता में आने के बाद से हिंदुओं पर हमले की घटनाएं बहुत बढ़ गई हैं। हाल के दिनों में कई हिंदू युवकों की हत्याएं हुई हैं।

बीते दिसंबर में ईशनिंदा के आरोप में एक हिंदू युवक की भीड़ ने पीट-पीटकर बेरहमी से हत्या कर दी थी। इन घटनाओं को लेकर बांग्लादेश का हिंदू समुदाय बुरी तरह से डरा हुआ है।

### बांग्लादेश में हिंदुओं पर हमले की घटनाएं आम हुईं

हिंदू अल्पसंख्यकों के घरों में आगजनी की यह कोई पहली घटना नहीं है बल्कि बीते पांच दिनों में ऐसी छह घटनाएं हो चुकी हैं, जहां हिंदुओं के घरों को आग लगा दी गई।

# बंद होने की तैयारी के बीच 'गेट्स फाउंडेशन' ने पेश किया 9 अरब डॉलर का बजट, स्टाफ भी घटाने का एलान

**नई दिल्ली।** दुनिया की सबसे बड़ी परोपकारी संस्थाओं में शामिल गेट्स फाउंडेशन ने साल 2026 के लिए अब तक का सबसे बड़ा बजट घोषित किया है। फाउंडेशन अगले साल 9 अरब डॉलर (करीब 75 हजार करोड़ रुपये) खर्च करेगा।

इसका बड़ा हिस्सा वैश्विक स्वास्थ्य, टीकाकरण और महिलाओं की सेहत जैसे क्षेत्रों में लगाया जाएगा। लेकिन इसी के साथ फाउंडेशन ने अगले पांच साल में 500 तक कर्मचारियों की संख्या घटाने की योजना भी बताई है। यह फैसला ऐसे समय में आया है जब पिछले साल फाउंडेशन ने चौंकाने वाला एलान किया था कि वह 2045 में पूरी तरह बंद हो जाएगा।

बिल गेट्स पहले ही कह चुके हैं कि वे अगले 20 साल में 200 अरब डॉलर दान कर अपनी अधिकांश संपत्ति खर्च कर देंगे। इसी योजना के तहत फाउंडेशन के बोर्ड ने 2026 के लिए यह रिकॉर्ड बजट मंजूर किया है, जो 2025 के 8.74 अरब डॉलर से ज्यादा है। नए बजट में महिलाओं की सेहत, वैक्सिन विकास, पोलियो उन्मूलन, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (अक) और अमेरिकी शिक्षा जैसे कार्यक्रमों के लिए ज्यादा फंड दिया जाएगा। साथ ही, बोर्ड ने यह भी तय किया है कि फाउंडेशन के ऑपरेटिंग खर्च जैसे कर्मचारियों की सैलरी, दफ्तर, ढांचा और यात्रा 1.25 अरब डॉलर से ज्यादा नहीं होंगे, जो कुल बजट का करीब 14% है।




# चीन के 5 फीसदी विकास लक्ष्य पर संकट हाईटेक रणनीति से नहीं बन रही बात

**बीजिंग।** चीन की अर्थव्यवस्था को रियल एस्टेट संकट से बाहर निकालने के लिए एआई, रोबोटिक्स व इलेक्ट्रिक वाहनों जैसे हाईटेक उद्योगों पर लगाया गया दांव नतीजे देने में सक्षम नहीं हो रहा है। अमेरिकी रिसर्च संस्था रॉडियम ग्रुप के मुताबिक, चीन को 5 फीसदी जीडीपी वृद्धि बनाए रखनी है, तो नए उद्योगों को हर साल निवेश वृद्धि को 2 पॉइंट ऊपर ले जाना होगा। यह मामूली हिस्सा नहीं, बल्कि निवेश वृद्धि दर में बड़ी बढ़ोतरी है, जो मौजूदा हालात में हासिल करना कठिन नजर आता है।

2023 से 2025 के बीच एआई, रोबोटिक्स और इलेक्ट्रिक कारों जैसे नए उद्योगों ने आर्थिक उत्पादन वृद्धि की रफ्तार को मिलाकर सिर्फ 0.8 पॉइंट ऊपर किया। रियल एस्टेट और अन्य पारंपरिक क्षेत्रों की कमजोरी ने आर्थिक वृद्धि को 6 पॉइंट नीचे खींच लिया। यह अंतर दिखाता है कि हाई-टेक सेक्टर भले ही बढ़ रहे हों, लेकिन वे अभी इतने बड़े और प्रभावशाली नहीं हैं कि प्रॉपर्टी और पारंपरिक उद्योगों में आई गिरावट से पैदा हुए दबाव की भरपाई कर सकें। हाल के वर्षों में बीजिंग ने लगातार करीब 5 फीसदी जीडीपी वृद्धि का लक्ष्य रखा है।

### 2.8 ट्रिलियन युआन के निवेश का दबाव

इस लक्ष्य को हासिल करने के लिए इस साल ही 2.8 ट्रिलियन युआन के अतिरिक्त निवेश की जरूरत होगी। यह 2025 के मुकाबले 120 फीसदी अधिक है। एआई या रोबोटिक्स जैसे कुछ सेक्टरों में निवेश तेज हो सकता है, लेकिन उभरते उद्योगों के लिए इतनी



तेज और टिकाऊ रफ्तार बनाए रखना मुश्किल होगा। इलेक्ट्रिक वाहन उद्योग सबसे तेज वृद्धि दर पहले ही देख चुका है व आने वाले वर्षों में रफ्तार धीमी पड़ सकती है।

### प्रॉपर्टी :अर्थव्यवस्था पर भारी बोझ

सरकार हाई-टेक विकास को प्राथमिकता दे रही है लेकिन रियल एस्टेट संकट से निपटने के लिए सीमित कदम उठाए हैं। एक समय यह सेक्टर चीन की जीडीपी के एक-चौथाई से अधिक योगदान देता था। पिछले साल नए घरों की बिक्री 2009 के बाद के सबसे निचले स्तर पर पहुंच गई।

कुल वृद्धि फिर भी दबाव में : निवेश फर्म केकेआर के अनुसार प्रॉपर्टी सेक्टर की कमजोरी इस साल चीन की जीडीपी वृद्धि से 1.2 पॉइंट घटा सकती है। डिजिटल तकनीकों से अनुमानित 2.6 पॉइंट के योगदान के बावजूद कुल वृद्धि दर 4.6 फीसदी के आसपास रह सकती है। भले ही 2026 के लिए 5 फीसदी का लक्ष्य रखा जाए, लेकिन रियल एस्टेट की सुस्ती और कमजोर रोजगार बाजार इस पर सवाल खड़े करते हैं।

### रोजगार संकट और ऑटोमेशन का जोखिम

चीन के नए औद्योगिक सेक्टर कर्मचारियों को उच्च वेतन तो देते हैं, लेकिन वे पारंपरिक उद्योगों की तुलना में काफी कम रोजगार देते हैं। फैक्टरी ऑटोमेशन में वृद्धि और वैश्विक मैन्युफैक्चरिंग में चीन के पहले से मौजूद 30 फीसदी हिस्से के चलते एक दशक में 10 करोड़ तक नौकरियां खत्म होने का खतरा है। पिछले साल चीन की शहरी बेरोजगारी दर अधिकांश समय 5 प्रतिशत से ऊपर रही। युवाओं में बेरोजगारी इससे लगभग तीन गुना अधिक दर्ज की गई।

# भूकंप के झटकों से दहला अमेरिका का ओरेगॉन, रिक्टर स्केल पर तीव्रता 6.2 रही

**ओरेगॉन।** अमेरिका के ओरेगॉन इलाके के तटीय क्षेत्र में गुरुवार को भूकंप के झटके लगे। रिक्टर स्केल पर भूकंप के इन झटकों की तीव्रता 6.2 रही। हालांकि इसमें अभी किसी तरह के नुकसान की खबर नहीं हैं। जर्मन रिसर्च सेंटर फॉर जियोसाइंस ने बताया कि भूकंप का केंद्र जमीन के 10 किलोमीटर अंदर था। नेशनल सुनामी वार्निंग सेंटर द्वारा अभी तक सुनामी को लेकर कोई अलर्ट जारी नहीं किया गया है।




### ओरेगॉन के इस इलाके में अक्सर आते हैं भूकंप

ओरेगॉन के जिस इलाके में भूकंप के झटके महसूस किए गए, वह ओरेगॉन और कैलिफोर्निया की सीमा पर स्थित है और यहां अक्सर भूकंप के झटके महसूस किए जाते हैं। इस इलाके में आने वाले अधिकतर भूकंप जमीन के भीतर होते हैं और अक्सर धरती पर महसूस नहीं होते। ओरेगॉन के जिस इलाके में भूकंप के झटके महसूस किए गए, वह ओरेगॉन और कैलिफोर्निया की सीमा पर स्थित है और यहां अक्सर भूकंप के झटके महसूस किए जाते हैं। इस इलाके में आने वाले अधिकतर भूकंप जमीन के भीतर होते हैं और अक्सर धरती पर महसूस नहीं होते।

### कास्केडिया जोन में आता है ये इलाका

इससे पहले बीते साल सितंबर में भी ओरेगॉन में भूकंप के झटके महसूस किए गए थे। यह इलाका कास्केडिया जोन का हिस्सा है। कास्केडिया जोन उत्तरी वैंकूवर द्वीप से लेकर उत्तरी कैलिफोर्निया तक फैला हुआ है और पृथ्वी के सबसे शक्तिशाली भूकंप क्षेत्रों में से एक माना जाता है। साल 1700 में यहां 9.0 मैग्नीट्यूड का भूकंप आया था, जिससे भयंकर सुनामी आई थी। वैज्ञानिकों ने चेतावनी दी है कि अगर फिर इतनी तीव्रता का भूकंप आया और सुनामी आई तो तटीय इलाकों में भारी तबाही मच सकती है।

# गृहयुद्ध से ग्रस्त सूडान को हथियार बेचेगा पाकिस्तान ! 'मेड इन चाइना' जेएफ-17 से पैसे कमाने की तैयारी

**नई दिल्ली।** सऊदी अरब से लेकर सूडान और लीबिया तक, पाकिस्तान की सैन्य मौजूदगी और हथियारों की पहुंच लगातार बढ़ रही है। हालिया रिपोर्टों के मुताबिक पाकिस्तान सूडान को लड़ाकू विमान और हथियार बेचने की तैयारी में है। यह डील न सिर्फ सूडान के गृहयुद्ध को प्रभावित कर सकती है, बल्कि अरब दुनिया में पाकिस्तान की भूमिका को भी नया रूप दे सकती है।

पाकिस्तान और सूडान के बीच लगभग 1.5 अरब डॉलर की डील पर बातचीत चल रही है। रॉयटर्स की रिपोर्ट के अनुसार यह समझौता जल्द अंतिम रूप ले सकता है। सूडान पिछले करीब तीन साल से गृहयुद्ध की आग में झुलस रहा है, जहां सेना और अर्धसैनिक बल रैपिड सपोर्ट फोर्स के बीच लड़ाई चल रही है। इस युद्ध में हजारों लोग मारे जा चुके हैं और लाखों बेघर हो चुके हैं। फ्रत्रत्रपर महिलाओं और बच्चों तक के साथ यौन हिंसा के गंभीर आरोप लगे हैं।



यह सौदा पाकिस्तान की उस रणनीति का हिस्सा माना जा रहा है, जिसके तहत वह अरब और अफ्रीकी देशों में अपने हथियार और सैन्य असर को बढ़ा रहा है। पहले पाकिस्तान मुख्य रूप से अरब देशों की सेनाओं को ट्रेनिंग देता था, लेकिन अब वह सीधे हथियार और लड़ाकू विमान बेचने की दिशा में बढ़ रहा है।

### सऊदी अरब से सैन्य साझेदारी

पाकिस्तान की बढ़ती सैन्य मौजूदगी की नींव सऊदी अरब के साथ हुए 'स्ट्रैटेजिक म्यूचुअल डिफेंस एग्रीमेंट ' से जुड़ी है। यह समझौता पिछले साल सितंबर में हुआ था। इसके बाद खबरें आईं कि सऊदी अरब पाकिस्तान के खत्र-17 थंडर लड़ाकू विमान में दिलचस्पी दिखा रहा है।

# क्या अफगानिस्तान में पाकिस्तान को पछाड़ रहीं भारतीय दवाईयां? काबुल के लोगों ने ही किया दावा

**अफगानिस्तान।** अफगानिस्तान के लोगों का भारत के प्रति प्यार किसी से छिपा हुआ नहीं है। अब अफगानिस्तान में भारतीय दवाईयां भी पाकिस्तान की दवाईयों की जगह ले रही हैं। अफगानिस्तान के एक ब्लॉगर ने ये दावा किया है। सोशल मीडिया पर साझा एक पोस्ट में अफगान ब्लॉगर ने कहा कि भारतीय दवाईयां गुणवत्ता के मामले में भी पाकिस्तानी दवाईयों की तुलना में बेहतर हैं और सस्ती भी हैं।




### अफगानिस्तान के ब्लॉगर ने सोशल मीडिया पोस्ट में किया दावा

अफगानिस्तान के ब्लॉगर फजल अफगान ने सोशल मीडिया पोस्ट में लिखा कि अफगानिस्तान में सिरदर्द के लिए पाकिस्तान और तुर्किए में मिलने वाली पेरोल टैबलेट मिलती है। जब वह मेडिकल स्टोर पर सिरदर्द के लिए टैबलेट लेने गए तो मेडिकल स्टोर संचालक ने उन्हें भारत में बनी पैरासिटामोल टैबलेट भी दिखाई और बताया कि इसका रिजल्ट ज्यादा बेहतर है और यह पेरोल के मुकाबले काफी सस्ती भी है। अफगान ब्लॉगर ने बताया कि उन्होंने भी मेडिकल स्टोर संचालक की सलाह पर भारत में बनी पैरासिटामोल टैबलेट खरीदी और टैबलेट खाने के 10 मिनट बाद ही उन्हें सिरदर्द से राहत मिल गई।

### पाकिस्तान से दूर हो रहा अफगानिस्तान

अफगानिस्तान में आमतौर पर रोजमर्रा की चीजें पाकिस्तान से आती हैं क्योंकि दोनों देशों की सीमाएं आपस में लगती हैं और आसानी से व्यापार होता है। हालांकि बीते कुछ वर्षों में पाकिस्तान और अफगानिस्तान के रिश्तों में कड़वाहट आई है।

तालिबान के अफगानिस्तान की सत्ता पर काबिज होने के बाद खासकर दोनों देशों के रिश्तों में ज्यादा तल्खी आई है। पहले अफगानिस्तान ने पाकिस्तान-अफगानिस्तान की सीमा को मानने से इनकार किया और इसे विवादित बताया।

साथ ही तालिबान समर्थित तहरीक ए तालिबान संगठन द्वारा लगातार पाकिस्तान में बड़े पैमाने पर आतंकी हमले किए जा रहे हैं। इसके बाद पाकिस्तान ने अपने देश से बड़े पैमाने पर अफगान नागरिकों को निकाला।

कुछ माह पहले दोनों देशों के बीच सीमा पर झड़प भी हो चुकी है। इसका असर व्यापार पर भी पड़ा है। यही वजह है कि अब अफगानिस्तान के व्यापारी पाकिस्तान से अलग अन्य वैकल्पिक देशों से भी व्यापार की संभावनाएं तलाश रहे हैं।

### गुणवत्ता के मामले में पाकिस्तान के उत्पादों को पछाड़ रहे भारतीय उत्पाद


भारत हमेशा से अफगानिस्तान की मदद के लिए तैयार रहा है। भारत द्वारा वहां बड़े पैमाने पर अफगान लोगों के लिए विकास कार्य कराए गए हैं। इसके चलते अफगानिस्तान के लोग भारत को बहुत पसंद करते हैं। अब ईरान के रास्ते भारत का कुछ सामान भी अफगानिस्तान के बाजार में पहुंच रहा है। ऐसे में प्रतिस्पर्धा में पाकिस्तान का सामान भारतीय सामान के सामने टिक नहीं पा रहा और यही स्थिति दवाईयों में देखने को मिल रहा है।

# काम की बढ़ी रफ्तार, लेकिन भरोसा कम... एआई पर ग्लोबल रिपोर्ट का बड़ा खुलासा

**नई दिल्ली।** आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) को काम को तेज करने वाला सबसे बड़ा टूल माना जा रहा है, लेकिन नई रिसर्च बता रही है कि इससे मिलने वाला फायदा उतना सीधा नहीं है जितना दिखता है। अकसे समय तो बच रहा है, लेकिन उसी समय का बड़ा हिस्सा गलतियों को सुधारने में खर्च हो रहा है।

वर्कडे की नई ग्लोबल रिपोर्ट और रिसर्च डेटा एआई की इस दोहरी सच्चाई को सामने लाती है। रिपोर्ट के मुताबिक, 85% कर्मचारी मानते हैं कि एआई टूल्स से उन्हें हर हफ्ते 1 से 7 घंटे तक का समय बचता है। लेकिन, इस बचे हुए समय का करीब 40% हिस्सा दोबारा काम करने में चला जाता है।

कर्मचारियों को एआई के आउटपुट में गलतियां सुधारनी पड़ती हैं, कंटेंट फिर से लिखना होता है और नतीजों की जांच करनी पड़ती है। रिपोर्ट इसे 'फॉल्स सेंस ऑफ प्रोडक्टिविटी' यानी झूठी उत्पादकता की भावना कहती है।




रोज एआई इस्तेमाल करने वाले कर्मचारियों में से 77% लोग एआई से बने काम को उतनी ही बारीकी से जांचते हैं जितना इंसान के काम को और कुछ तो उससे भी ज्यादा सावधानी बरतते हैं। इससे साफ है कि एआई से रफ्तार बढ़ी है, लेकिन भरोसा नहीं।

### कंपनियां पुराने स्ट्रक्चर का कर रही इस्तेमाल

रिपोर्ट के मुताबिक, 89% कंपनियों ने अब तक अपने आधे से भी कम जॉब रोल्स को एआई के हिसाब से अपडेट किया है। यानी कर्मचारी 2025 के अकटूल्स को अब भी 2015 के जॉब स्ट्रक्चर में इस्तेमाल कर रहे हैं। कंपनियां एआई से हुई समय की बचत का 39% हिस्सा दोबारा टेक्नोलॉजी में ही निवेश कर रही हैं। इससे यह संकेत मिलता है कि एआई को अपनाया तो जा रहा है, लेकिन काम करने के तरीके और जिम्मेदारियां अब भी पुरानी हैं।

अमेरिका और चीन की यूनिवर्सिटीज के 4.13 करोड़ रिसर्च पेपर्स के विश्लेषण से एक और अहम तस्वीर सामने आई है। एआई इस्तेमाल करने वाले वैज्ञानिक तीन गुना ज्यादा पेपर प्रकाशित कर रहे हैं और उन्हें पांच गुना ज्यादा सिटेशन मिल रहे हैं।

ये वैज्ञानिक औसतन एक साल चार महीने पहले प्रोजेक्ट लीडर भी बन जाते हैं। हालांकि, एआई के बढ़ते इस्तेमाल से रिसर्च विषयों की विविधता में 4.63% की गिरावट दर्ज की गई है। यानी काम तेज हुआ है, लेकिन नए और अलग विषयों की खोज कमजोर पड़ी है।




# कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा ने कार्यकर्ताओं के साथ बीएमसी चुनाव की जीत का मनाया जश्न





**साहिबाबाद (करंट क्राइम)।** महाराष्ट्र में नगर निकाय चुनावों में भाजपा की ऐतिहासिक जीत का जश्न कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा के कार्यालय में मनाया गया। कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा ने कार्यकर्ताओं के साथ मिठाई बांटकर खुशी का इजहार किया। उन्होंने कहा कि यह जीत प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व और भाजपा महाराष्ट्र में नगर निकाय चुनावों में भाजपा की ऐतिहासिक जीत का जश्न राजेंद्र नगर स्थित कार्यालय पर में मनाया गया। उन्होंने कहा कि यह जीत प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व और भाजपा की नीतियों का परिणाम है, जिससे जनता का समर्थन बढ़ा है।

महाराष्ट्र में हुए नगर निकाय चुनावों में भाजपा की ऐतिहासिक जीत का जश्न साहिबाबाद में मनाया गया।

भाजपाईयों ने एक दूजे को मिठाई खिलाकर बीएमसी चुनाव की जीत को लेकर जश्न मनाया और खुशी का इजहार किया। शुक्रवार को बैराज मार्ग स्थित कैंप कार्यालय में कार्यक्रम आयोजित हुआ। महानगरपालिका में भाजपा की टीम द्वारा बहुमत का आंकड़ा पार करने तथा पुणे, नागपुर सहित प्रदेश के 26 नगर निगमों में भाजपा की शानदार जीत दर्ज करने पर कार्यकर्ताओं के साथ मिष्ठान वितरण कर खुशियां मनाईं।

कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा के राजेंद्र नगर स्थित कार्यालय पर भव्य विजय उत्सव मनाया गया। मिठाइयों से हुआ मुँह मीठा, जमकर हुई नारेबाजी हुई। कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा के कार्यालय पर सुबह से ही कार्यकर्ताओं का जुटना शुरू हो गया था। जैसे ही मुंबई से भाजपा की बढ़त और जीत की खबरें पुख्ता हुई, पूरा कार्यालय 'जय श्री राम' और 'भारत माता की जय' के नारों से गूँज उठा। इस दौरान सभी कार्यकर्ताओं ने एक-दूसरे को मिठाई खिलाकर बधाई दी। इस खुशी के मौके पर स्थानीय पार्षदों और संगठन के वरिष्ठ पदाधिकारियों ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई।

इस अवसर पर कार्यालय प्रभारी हरिश्चंद्र शर्मा, पार्षद मदन राय, पवन रेड्डी, संदीप पंडित, अंशुल सिंह, अवधेश ठाकुर माधव सिंह, आदित्य शर्मा, अभिषेक शर्मा, राजवीर गौड़ और अमित शर्मा आदि मौजूद रहे। कार्यकर्ताओं ने कहा कि देश की आर्थिक राजधानी मुंबई में भाजपा का मेयर बनना एक मील का पत्थर है। यह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व और पार्टी की नीतियों पर जनता के विश्वास की मुहर है।

# आवारा कुत्तों के हमले में चार साल की मासूम गंभीर घायल, सिर में आए 32 टांके



**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** इंदिरापुरम थाना क्षेत्र के कनावनी में आवारा कुत्तों के आतंक की एक दिल दहला देने वाली घटना सामने आई है। यहां घर के बाहर खेल रही चार साल की मासूम बच्ची पर कुत्तों के झुंड ने अचानक हमला कर दिया। कुत्ते बच्ची को काटते हुए घसीटने लगे, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गई।

बच्ची की चीख-पुकार सुनकर आसपास मौजूद लोग मौके पर दौड़े और किसी तरह कुत्तों को भगाकर बच्ची को बचाया। तुरंत उसे पास के अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार के बाद बताया कि बच्ची के सिर में 32 टांके आए हैं। परिवार में बच्ची के पिता अमरपाल मां पिंकी और एक छोटा भाई कुलदीप है।

घायल बच्चे की मां ने आंखों में आंसू लेकर बताया कि मेरा 4 साल का बेटा घर के बाहर खेल रहा था तभी कुत्तों के झुंड ने बच्चे पर हमला कर दिया जैसे तैसे कुत्तों से बच्चे को बचाया और अस्पताल लेकर गए, मां पिंकी ने रोते हुए बताया कि अब बच्चों को घर से बाहर भेजने में डर लगने लगा है। बच्चे के फूफा विशंभर ने बताया कि हम बदायूं के रहने वाले हैं यहां पट्टे पर खेत लेकर खेती का काम करते है और सब्जी का ठेला लगाते हैं इलाके में करीब 50 से ज्यादा कुत्ते है इस एरिया में 100 से अधिक झुग्गी हैं घटना के बाद लोगों का कहना है कि अब बच्चों को घर के बाहर भेजने में डर लगता है।

घटना के बाद इलाके में दहशत का माहौल है। स्थानीय लोगों ने हमलावर कुत्तों की शिकायत नगर निगम से की। शिकायत मिलते ही नगर निगम की टीम मौके पर पहुंची और अधिक काटने वाले खूंखार कुत्ते को पकड़कर अपने साथ ले गई। लोगों ने प्रशासन से मांग की है कि आवारा कुत्तों पर स्थायी समाधान निकाला जाए।




- **क्यों कहा कहने वाले ने कि** एक बात हो रही है जारी? भगवा सांवरिया जी कर रहे हैं फिर से एक बड़े धार्मिक सम्मेलन की तैयारी? पहले ही बता दें ये जनवरी वाला नहीं है प्रोग्राम? इसको आने वाले महीनों में दिया जायेगा अंजाम? सुनाहै देश के बड़े चेहरे करेंगे गाजियाबाद में आकर धार्मिक पाठ? सांवरिया जी ने पूरे कार्यक्रम की स्क्रिप्ट तैयार कर दी है साहब?
- **क्यों कहा कहने वाले ने कि** आपके यहां जो छपे थे भगवा मुस्लिम फेस? उसमें एक मुस्लिम चेहरे ने अपनी जानकारी का गलत दिया संदेश? उनको इस बात को बताना चाहिए था कि उन्होंने काफी समय राजनीति करी है कांग्रेस के साथ? मगर उन्होंने छुपा लिया आपसे ये वाला इतिहास? जो भी हो उनको अब भी खुलकर रखनी चाहिए अपने इतिहास की बात?
- **क्यों कहा कहने वाले ने कि** अभी तक जाकिर भईया को नहीं आया है भगवा टॉमक्रूज को बर्थडे वाला केक खिलाना रास? पता चला है अभी भी नहीं हो रहा है उनके मौहल्ले में विकास? वो जाहिर कर रहे थे कहीं पर अपना दर्दे दिल? कह रहे थे मेरे मौहल्ले की नहीं हो रही फिक्र? कहने वाले ने कहा कि क्या हुआ जो किया था तुमसे टोम क्रूज ने वादा? लगता है तुम्हारा केक असर दिखा नहीं पाया ज्यादा?
- **क्यों कहा कहने वाले ने कि** मिस्टर दत्त बताये जाते हैं गर्ग साहब के खास? वो तो बन जाते वाईस प्रेजिडेंट? मगर टोम क्रूज ने पलट दिया सारा दांव? सुना है इस वक्त दत्त साहब अपने मौहल्ले में सफाई मित्रों की संख्या को लेकर हैं बहुत परेशान? डाक्टर साहब को कई बार उन्होंने अपना मर्ज दिखा लिया है? मगर नहीं निकला है अभी तक कोई समाधान? सुना है दत्त भईया के दिल में मचा हुआ है घमासान? उन्हें उम्मीद है अब तो साहब ही दिला सकते हैं उनको इस समस्या से निदान?
- **क्यों कहा कहने वाले ने कि** वैसे ही मेरे दिमाग में बैठे बैठे बात आई है ताजी ताजी? मैम्बर शर्मा ने क्यों कराई है पर्दे के पीछे से पतंग बाजी? हमें हो रहा है अहसास कि वो करना चाहते हैं गर्ग साहब को किसी विषय पर राजी? पहले भी वो बड़ा कार्यक्रम करके दे चुके हैं उनको सीता जी के पिता जी का किरदार? फिर उन्होंने टूर वाली झंडी भी उनसे ही दिलवाई थी यार? लगता है कुछ तो बड़ा ख्वाब पल रहा है उनके दिल में? इधर निगम है तो उधर है जीडीए का द्वार?
- **क्यों कहा कहने वाले ने कि** देखना आने वाले समय में कुछ ऐसा होने जा रहा है यार? जो हिला देगा कईयों का सिस्टम? कहने वाले ने कहा गाजियाबाद के एक जनप्रतिनिधि को केन्द्र में मिल सकता है बड़ा स्थान? कुछ ऐसी चर्चा हमने दिल्ली वाले कार्यालय पर सुनी है श्रीमान? हद से ज्यादा बढ़ जायेगा इन जनप्रतिनिधि का कद? फिर कोई भी पार नहीं कर पायेगा इनकी हद?
- **क्यों कहा कहने वाले ने कि** भाजपा के एक पदाधिकारी इन दिनों कथा वाले प्रोग्राम के निमंत्रण को लेकर हैं बहुत ही गम्भीर? वो हर प्रमुख चेहरे को इस कार्यक्रम के निमंत्रण का दे रहे हैं संदेश? इस निमंत्रण को लेकर लखनऊ भी पहुंच चुका है उनका फेस? सुना है डिप्टी वाले सीएम को वो आयोजन में बुलाने की कर रहे हैं तैयारी? सबको पता है जब वो एक बार कमिटमेंट कर लेते हैं तो फिर करा ही लेते हैं कार्यक्रम जारी?
- **क्यों कहा कहने वाले ने कि** लगात है इस बार डेढ़ा भईया किसी को भी ऐड़ा बनकर नहीं खाने देंगे पेड़ा? आफ्टर रिकवरी उन्होंने अंदाज कर लिया है और भी कैड़ा? पता चला है उन्होंने कर लिया है फिर से जिम ज्वाईन? इस बार डोलों को 24 इंच का करना है? उनके ईरादे नहीं लग रहे हैं फाईन?
- **क्यों कहा कहने वाले ने कि** नदियापार के गिरी भईया इन दिनों राजनीति कर रहे हैं फ्री स्टाईल अंदाज में? हाल ही में उन्होंने एक चौहान चेहरे को दिया था कमिश्नर के प्रभारी वाला ऑफर? लग रहा है ये चेहरा संगठन की टीम में रहेगा टॉपर? पता चला है इन भाई साहब ने प्रकट किये हैं कहीं पर अपने अरमान? कहा है मैं चाहता हूं कि भगवा योद्धा जैसे कर्मठ व्यक्तिव की टीम में आना चाहिए मेरा भी नाम?
- **क्यों कहा कहने वाले ने कि** मैं बता रहा हूं आपको अंदर की बात? एक पूर्व ब्राह्मण विधायक के जाग गये हैं चुनावी जज्बात? उन्होंने दे दिया है अपने खास चेहरों में संदेश? कह दिया है कि हर सूरत में चुनाव लड़ेगा हमारा फेस? हमें पता है जब हम टिकट मांगेगे यार? तब पार्टी के बड़े नेता भी नहीं कर पायेंगे इंकार? कहने वाले ने कहा लिखकर रख लो, इस बात वो हर सूरत में चुनाव लड़कर रहेंगे यार?

**नोट : उठते सवालों का करंट लेखक की व्यक्तिगत राय नहीं है, बल्कि रोजाना क्षेत्र में उठने वाली चर्चाओं का संग्रह है।**

# राजेंद्र नगर को मिली नई सौगात : पार्षद मदन राय ने राधा कृष्ण पार्क के विकास कार्य का किया उद्घाटन



**साहिबाबाद (करंट क्राइम)।** राजेंद्र नगर सेक्टर-5, ब्लॉक-4 स्थित नवनिर्मित 'राधा कृष्ण पार्क' का गुरुवार को विधिवत उद्घाटन किया गया। लंबे समय से इस पार्क के सुंदरीकरण और विकास कार्य का इंतजार कर रहे स्थानीय निवासियों के लिए यह एक बड़े उपहार के रूप में देखा जा रहा है।

उद्घाटन समारोह के अवसर पर क्षेत्र के प्रमुख समाजसेवी और गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे। कार्यक्रम में पार्षद मदन राय के साथ मुख्य रूप से विनोद गुप्ता, नीरज गर्ग, राजीव कंसल, महेश कच्छल और आर. टंडन ने शिरकत की। पार्षद मदन राय ने संयुक्त रूप से नारियल तोड़कर पार्क को जनता के लिए समर्पित किया।

इस पार्क को आधुनिक सुविधाओं के साथ विकसित किया गया है। स्वच्छ और हरियाली से भरपूर वातावरण। घूमने के लिए बेहतर ट्रैक। बैठने के लिए बेंच और सौंदर्यीकरण का विशेष ध्यान।

इस मौके पर विनोद गुप्ता और नीरज गर्ग ने कहा कि स्थानीय निवासियों के स्वास्थ्य और मनोरंजन के लिए इस पार्क का विकास अत्यंत आवश्यक था। उन्होंने विश्वास दिलाया कि भविष्य में भी वार्ड और सेक्टर की छोटी-बड़ी समस्याओं का इसी तरह प्राथमिकता के आधार पर समाधान किया जाएगा। राजीव कंसल और महेश कच्छल ने स्थानीय लोगों से पार्क की स्वच्छता बनाए रखने की अपील की। स्थानीय निवासियों ने पार्षद का आभार व्यक्त किया और इस प्रयास की जमकर सराहना की।

# रोज बैल पब्लिक स्कूल में आधार आयुष्मान व निःशुल्क नेत्र जांच कैंप का आयोजन






**गाजियाबाद करंट क्राइम।** रोज बैल पब्लिक स्कूल, विजयनगर, गाजियाबाद में 16 एवं 17 जनवरी 2026 (शुक्रवार व शनिवार) को आधार कार्ड कैंप, आयुष्मान भारत कार्ड कैंप तथा निःशुल्क नेत्र जांच कैंप का सफल आयोजन किया गया। इस जनसेवा शिविर का उद्देश्य आम नागरिकों को सरकारी सुविधाओं का लाभ एक ही स्थान पर उपलब्ध कराना रहा।

कैंप का उद्घाटन विधायक संजीव शर्मा, महानगर अध्यक्ष सरदार बलप्रीत सिंह, जिला अध्यक्ष बाल किशन गुप्ता, सौरभ यादव, पंडित अशोक भारतीय, पार्षद कन्हैयालाल, अजय चोपड़ा, विकास त्यागी, सुरेश सिंह एवं विद्यालय की प्रधानाचार्या धरमजीत कौर द्वारा संयुक्त रूप से किया गया। यह आयोजन राष्ट्रीय व्यापार मंडल गजप्रस्थ के जिला अध्यक्ष बाल किशन गुप्ता के जन्मदिवस के अवसर पर सेवा पखवाड़ा के अंतर्गत किया गया, जिसमें राष्ट्रीय व्यापार मंडल, डाक विभाग भारत सरकार, स्वास्थ्य विभाग तथा श्रेया आई सेंटर का विशेष सहयोग रहा।

कैंप में 300 से अधिक स्थानीय नागरिकों ने लाभ उठाया। इस दौरान 18 वर्ष तक की आयु के बच्चों के नए आधार कार्ड बनाए गए तथा विभिन्न आयु वर्ग के लोगों के आधार कार्ड में आवश्यक सुधार किए गए। साथ ही 70 वर्ष से अधिक आयु के वरिष्ठ नागरिकों के आयुष्मान कार्ड भी बनाए गए। श्रेया आई सेंटर द्वारा निःशुल्क नेत्र जांच कर लोगों को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक किया गया। कैंप को सफल बनाने में डाक विभाग से अनुराग, हेमंत, बिलाल, तासीन, सुमित सागर, जीवेश व श्रेया आई केंद्र से हिमांशु एवं पंकज, स्वास्थ्य विभाग से सौरभ तथा विद्यालय के समस्त स्टाफ का महत्वपूर्ण योगदान रहा। आयोजकों ने बताया कि भविष्य में भी इस प्रकार के सेवा शिविर आयोजित कर आम जनता को सरकारी योजनाओं एवं स्वास्थ्य सुविधाओं का लाभ दिलाने का प्रयास जारी रहेगा।

# उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल ने किया संगठन का विस्तार



**साहिबाबाद (करंट क्राइम)।** उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल द्वारा साहिबाबाद विधानसभा में संगठन का विस्तार किया गया। इस अवसर पर इरशाद खान सैफी को साहिबाबाद औद्योगिक क्षेत्र का अध्यक्ष मनोनीत किया गया।

इस अवसर पर साहिबाबाद विधानसभा अध्यक्ष राजकुमार सिंह राणा ने संगठन के कार्यों की जानकारी दी और जिला मीडिया प्रभारी संजय शर्मा ने व्यापारियों के हित में कराए गए कार्यों की जानकारी दी।

नवनियुक्त अध्यक्ष इरशाद खान सैफी को गोपनीयता की शपथ दिलाई गई और जल्दी अपनी कार्यकारिणी पूर्ण करने के निर्देश दिए गए। इस अवसर पर वसुंधरा कार्यकारिणी के पदाधिकारियों को प्रमाण पत्र भी वितरित किए गए।

इस अवसर पर जिला अध्यक्ष प्रीतम लाल ने अरुण श्रीवास्तव के सहयोग से बैंकट हॉल कर्मचारी और जरूरतमंद लोगों को कंबल भी वितरित किए। इस अवसर पर उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल के कई पदाधिकारी और सदस्य उपस्थित थे।

# मॉडलिंग का झांसा देकर दंपती से 6.97 लाख की साइबर ठगी



**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** साइबर ठगों ने नंदग्राम में रहने वाले एक दंपती को उनके बेटे की मॉडलिंग में चयन होने का झांसा देकर 6.97 लाख रुपये की ठगी कर ली। पुलिस के मुताबिक, ठग नए-नए तरीकों से लोगों को अपना शिकार बना रहे हैं और इस मामले में उन्होंने टेलीग्राम टॉस्क का इस्तेमाल किया।

एसीपी अपराध भास्कर वर्मा ने बताया कि नंदग्राम के संगम विहार निवासी ललित कुमार कौशिक और उनकी पत्नी पायल कौशिक को फेसबुक पर स्पार्किंग चाइल्डहुड नाम की आईडी से मैसेज आया। ठगों ने दंपती को बताया कि उनके बेटे की मॉडलिंग में शुरूआत करने के लिए उन्हें टेलीग्राम टॉस्क पर 100 प्वाइंट बनाने होंगे। दंपती झांसे में आ गए और साइबर ठगों ने 6.97 लाख रुपये हड़प लिए।

पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है और लोगों को सतर्क रहने की चेतावनी दी गई है। अधिकारियों ने कहा कि सोशल मीडिया पर किसी भी अनजान आईडी से आए संदेशों और टास्क ऑफर में फंसना भारी पड़ सकता है।

**जन्मदिन**





**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** बसपा की राष्ट्रीय अध्यक्ष मायावती का 70 वां जन्मदिन जनकल्याणकारी दिवस के रूप में मनाया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व एमएलसी नौशाद अली मौजूद रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता सतपाल पेपला ने की। गाजियाबाद से जिलाध्यक्ष मनोज जाटव, बसपा नेता मनव्वर चौधरी मुख्य रूप से मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन मेघनंद ने किया। सभी वक्ताओं ने बसपा की राष्ट्रीय अध्यक्ष मायावती को जन्मदिन की शुभकामनायें देते हुए उनके कार्यकाल की सराहना की।

# नेहरू वर्ल्ड स्कूल में सीनियर स्टेट बास्केटबॉल चैंपियनशिप 2026 का सफल आयोजन





**गाजियाबाद करंट क्राइम।** नेहरू वर्ल्ड स्कूल, शास्त्री नगर, गाजियाबाद के परिसर में ट्रिपल टैक बास्केटबॉल फाउंडेशन द्वारा उत्तर प्रदेश बास्केटबॉल संघ (यूपीबीए) के तत्वावधान में सीनियर स्टेट बास्केटबॉल चैंपियनशिप 2026 का भव्य आयोजन 13 से 14 जनवरी 2026 तक किया गया। इस राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में पुरुष एवं महिला वर्ग की कुल 31 टीमों ने भाग लेकर खेल कौशल और अनुशासन का शानदार प्रदर्शन किया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि गाजियाबाद विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष नंद किशोर कलाल रहे। वहीं विशिष्ट अतिथि के रूप में जेकेजी एजुकेशन ग्रुप के संस्थापक एवं चेयरमैन जे.के. गौड़ की गरिमामयी उपस्थिति रही। अतिथियों ने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते हुए आयोजन की सराहना की। आयोजन का मुख्य उद्देश्य आगामी राष्ट्रीय 3x3 बास्केटबॉल चैंपियनशिप, जो दिल्ली में आयोजित की जानी है, के लिए प्रतिभाशाली खिलाड़ियों का चयन करना था।

कड़े और रोमांचक मुकाबलों के बाद पुरुष वर्ग में लखनऊ की टीम ने प्रथम स्थान प्राप्त किया, अलीगढ़ की टीम उपविजेता रही, जबकि गाजियाबाद की टीम ने तृतीय स्थान हासिल किया। महिला वर्ग में यूपी पुलिस की टीम ने विजेता बनने का गौरव प्राप्त किया, नॉर्थ ईस्ट रेलवे की टीम दूसरे स्थान पर रही और बाराबंकी की टीम ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। दो दिवसीय इस प्रतियोगिता में प्रदेश के विभिन्न जनपदों से आई टीमों ने उच्च स्तरीय प्रतिस्पर्धा, खेल भावना और अनुशासन का परिचय दिया। सफल एवं सुव्यवस्थित आयोजन के साथ चैंपियनशिप का समापन हुआ।

आयोजकों ने नेहरू वर्ल्ड स्कूल के सहयोग, सभी प्रतिभागी टीमों, निर्णायकों, अतिथियों तथा आयोजन से जुड़े सभी सहयोगियों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए भविष्य में भी ऐसे खेल आयोजनों के माध्यम से युवा प्रतिभाओं को प्रोत्साहित करने की प्रतिबद्धता जताई।

# एयरपोर्ट के लिए चार गांवों की जमीन अधिग्रहण की होगी घोषणा

**ग्रेटर नोएडा (करंट क्राइम)।** नोएडा एयरपोर्ट के विस्तार करने के लिए चार गांवों की जमीन के अधिग्रहण के लिए 20 जनवरी को घोषणा की जाएगी। घोषणा के लिए प्रशासन ने संबंधी किसानों को अलग-अलग समय दिया है। एयरपोर्ट के विस्तार के लिए ग्राम रोही, दयानतपुर, अहमदपुर, चारौली और साबोता मुस्तफाबाद की अर्जित भूमि के अधिग्रहण की घोषणा 20 जनवरी को की जाएगी। इसको लेकर इन गांवों के संबंधी किसान के सामने अपर जिलाधिकारी कार्यालय में घोषणा की जाएगी। उसके बाद नियमानुसार मुआवजा का भुगतान किया जाएगा। अपर जिलाधिकारी बच्चू सिंह ने सार्वजनिक सूचना जारी करके 20 जनवरी का दिन निर्धारित किया है। गामा-2 दफ्तर में ही रोही के किसान को सुबह 11:30 बजे, दयानतपुर के किसान को 12:30 बजे, अहमदपुर चारौली को 2 बजे और साबोता मुस्तफाबाद के किसानों को 3 बजे का समय निर्धारित किया है।

**चिन्टू जी**




गाजियाबाद (करंट क्राइम)। चिंटू जी की गुस्ताखियां माफ हों.. नोट : चिंटू जी कॉलम अखबार में ही प्रकाशित होता है। इस किरदार का सोशल मीडिया पर अखबार से अतिरिक्त डाली गई पोस्ट से कोई संबंध नहीं है।